राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in




# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 50
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 19 जनवरी 2026
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 इंटरनेशनल साइबर ठग गिरफ्तार
पेज 4 झांसी में 27 साल छोटी गर्लफ्रेंड के टुकड़े-टुकड़े किए
पेज 6 टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत रहेगा मजबूत दावेदार : दिनेश

## संक्षिप्त खबरें

### कोटा में हिजाब पहनकर आई छात्रा को नहीं मिली एंट्री

**अजमेर।** शिक्षक भर्ती परीक्षा में आज से लेवल-2 की परीक्षा हुई। सुबह की पारी में 90.53 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे थे, जबकि दूसरी पारी में उपस्थिति 88.08 प्रतिशत रही। वहीं कोटा में सेकेंड पारी में हिजाब पहकर परीक्षा देने पहुंची छात्रा को एंट्री नहीं दी गई। छात्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर कहा- सारे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होने के बावजूद हिजाब पहनने के कारण एंट्री नहीं दी गई। छात्रा अलीशा बूंदी से एग्जाम देने आई थी, अलीशा का सेंटर महावीर नगर विस्तार योजना स्थित तिलक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में था।

### भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे 14 विदेशी नागरिकों को भेजा गया वापस

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि राज्य में 14 विदेशी नागरिकों को पकड़ने के बाद उन्हें वापस भेज दिया गया। हालांकि, उन्होंने इन घुसपैठियों के मूल स्थान की जानकारी साझा नहीं की। सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह अभियान जारी है। हमने रविवार तड़के 14 अवैध घुसपैठियों को खदेड़ दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप भले ही सबके सामने छिपे हों, लेकिन हम आपको खोज निकालेंगे और भारत से बाहर निकाल देंगे। असम के श्रीभूमि, कछार, धुबरी और दक्षिण सालमारा-मनकाचर जिले बांग्लादेश के साथ 267.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं।



### हैप्पी मॉर्निंग


गर्लफ्रेंड- मैं अपना पर्स घर पर भूल आई, मुझे एक हजार रुपये की जरूरत है...!
ब्वॉयफ्रेंड- कर दी ना छोटी बात, पगली ये ले 10 रुपये, अभी रिक्शा करके घर जा और पर्स लेकर आ...!
गर्लफ्रेंड बेहोश...



### शायरी

एक आँसू भी हुकूमत के लिए ख़तरा है
तुम ने देखा नहीं आँखों का समुंदर होना

### अर्थसार




### मौसम



अधिकतम : 21 डिग्री से0
न्यूनतम : 09 डिग्री से0
सूर्योदय बुधवार : 7 : 23
सूर्यास्त मंगलवार : 5 : 52

# एमपी के जबलपुर में कार ने 13 मजदूरों को रौंदा

### 2 की मौत, 7 की हालत गंभीर

जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को तेज रफ्तार कार ने 13 मजदूरों को कुचल दिया।

हादसे में 2 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 मजदूर घायल हो गए। घायलों में से 7 की हालत नाजुक है। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है।

हादसा बरेला थाना क्षेत्र के एकता चौक पर दोपहर करीब 2 बजे हुआ। मृतकों की पहचान चैनवती बाई (40 वर्ष) और लच्छो बाई (40 वर्ष) के रूप में हुई है।

मृतक और सभी घायल मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के बिहारिया गांव के रहने वाले हैं। डेढ़ माह से यहां मजदूरी कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार, मजदूर सड़क के डिवाइडर में लगी लोहे की जालियों की सफाई करने के बाद बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान बरेला से जबलपुर की ओर आ रही सफेद कार उन्हें रौंदते हुए भाग गई।

# यूपी में कोहरे में 70 वाहन टकराए, 12 की मौत

### हिमाचल में तापमान माइनस 2.6; बिहार के 15 जिलों में पारा 10 से नीचे

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में रविवार को घना कोहरा छाया। जीरो विजिबिलिटी के कारण अलग-अलग शहरों में 70 वाहन टकराए। कुल 22 हादसों में 12 की मौत हुई, 75 लोग घायल हैं। अकेले अमरोहा में 15 वाहन टकराए। शनिवार को भी 16 जिलों में सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हुई थी।

हिमाचल प्रदेश में ताबो का तापमान राज्य में सबसे कम -2.6 रहा। उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचे इलाकों में शनिवार को बर्फबारी हुई। बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।



यहां के 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 से नीचे रहा। भागलपुर के साबौर में सबसे कम तापमान 5.4 रहा। दिल्ली में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, न्यूनतम तापमान 5.3 रहा, जो मौसम के औसत से 2.3 कम है।

### ऊंचे इलाकों में 20 जनवरी तक हल्की बर्फबारी- मौसम विभाग

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य के ऊंचे इलाकों में 20 जनवरी तक हल्की बर्फबारी जारी रहेगी, जबकि राज्य के बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा ।पंजाब में सबसे कम 1.7 डिग्री सेल्सियस तापमान अमृतसर में दर्ज किया गया। होशियारपुर में न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा की साझा राजधानी चंडीगढ़ में भी 5.5 डिग्री सेल्सियस के साथ रात ठंडी रही, जो सामान्य से दो डिग्री कम है।

### 19 जनवरी का मौसम

उत्तर भारत में सर्दी और कोहरा जारी रहेगा, तापमान सामान्य से नीचे रह सकता है। राजस्थान और आसपास के कुछ इलाकों में हल्की बारिश/मावठा के आसार हैं।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी मुठभेड़ में 8 जवान घायल

### 3 एयरलिफ्ट किए गए; किश्तवाड़ के सोनार में ऑपरेशन त्राशी-1 जारी

एजेंसी

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में रविवार दोपहर आतंकी मुठभेड़ में सेना के 8 जवान घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक 3 जवानों को एयरलिफ्ट करके इलाज के लिए उधमपुर आर्मी बेस अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना किश्तवाड़ के ऊपरी जंगली इलाके सोनार की है। यहां सेना की व्हाइट नाइट कोर का आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन त्राशी-1' जारी है। इसी दौरान आतंकियों से जवानों की मुठभेड़ हुई।

दोनों ओर से फायरिंग की गई। 2-3 आतंकियों को जवानों ने घेर लिया था। तभी आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया। अधिकारियों ने कहा है कि ये आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हो सकते हैं।

अधिकारियों के मुताबिक आतंकियों की तलाश अभी भी जारी है। इलाके पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। स्निफर डॉग्स की भी मदद ली गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ सर्चिंग में जुटी है।



### राजौरी में एलओसी के पास संदिग्ध हलचल, वीडीसी ने फायरिंग की

राजौरी जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास नौशेरा के कलाल गांव में एक विलेज डिफेंस कमेटी मेंबर को अपने घर के पास संदिग्ध हलचल दिखी, जिसके बाद उसने सावधानी के तौर पर हवा में कुछ गोलियां चलाईं। घटना की सूचना मिलते ही आर्मी और पुलिस मौके पर पहुंचीं और पूरे इलाके में कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। शुरुआती जांच में किसी बड़े खतरे की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा बल इलाके की गहन तलाशी ले रहे हैं।

### एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन मामले पर सुनवाई होगी। बिहार, केरल, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया पर विपक्ष ने सवाल उठाए थे और सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की थीं। इन याचिकाओं में चुनाव आयोग की शक्तियों, नागरिकता की पहचान और वोट देने के अधिकार से जुड़े सवाल उठाए गए थे। पिछली सुनवाई 13 जनवरी को हुई थी। चुनाव आयोग की ओर से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि एसआईआर के तहत आयोग सिर्फ यह तय करता है कि कोई व्यक्ति वोटर लिस्ट में रहने के योग्य है या नहीं। इससे सिर्फ नागरिकता वेरिफाई की जाती है।

# छत्तीसगढ़-झारखंड बॉर्डर पर पलटी स्कूल बस...7 लोगो की हुई मौत

### इनमें 5 महिलाएं और 2 पुरुष, 80 लोग घायल, ब्रेक फेल था, सड़क पर बिखरी रहीं लाशें

**बलरामपुर/लातेहार।** छत्तीसगढ़-झारखंड बॉर्डर पर तेज रफ्तार स्कूल बस बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 80 लोग घायल हो गए हैं। इनमें 30 से ज्यादा की हालत गंभीर है। बताया जा जा रहा है कि बस का ब्रेक फेल हो गया था। मामला महुआडांड थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक लातेहार जिले में हादसे में 5 महिलाएं और 2 पुरुषों की जान गई है। इनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मरने वाले सभी छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के रहने वाले थे। स्थानीय और राहगीरों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया है। बस में 87 लोग सवार थे।



वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि भीषण हादसे में यात्रियों की मौत का समाचार अत्यंत दुखद है।

शोक की इस कठिन घड़ी में मैं दिवंगतों के परिजनों के प्रति अपनी गहन संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल यात्रियों के इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# मणिपुर- 3 साल पहले गैंगरेप की शिकार युवती की मौत

### सदमे में थी; 2023 हिंसा में किडनैपिंग, फिर दरिंदगी हुई, अबतक एक भी गिरफ्तारी नहीं

इंफाल। मणिपुर में 3 मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के तुरंत बाद गैंगरेप का शिकार हुई 20 साल की युवती की मौत हो गई है। गैंगरेप के समय वह सिर्फ 18 साल की थी। न्यूज एजेंसी के अनुसार, महिला लगभग तीन साल पहले किडनैपिंग और गैंगरेप के सदमे से अब तक उबर नहीं पाई थी।

महिला की मां ने बताया कि वह गंभीर रूप से जख्मी हुई थी। गंभीर चोटों के कारण उनकी बेटी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। आखिरकार, 10 जनवरी को वह जिंदगी से जंग हार गई। महिला कुकी समुदाय से थी। उसने मणिपुर के सिंगहाट में अंतिम सांस ली। पीड़ित ने 21 जुलाई, 2023 को एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें उसने आरोप लगाया था कि 15 मई, 2023 को काले रंग की टी-शर्ट पहने चार हथियारबंद लोग उसे सफेद बोलेरो में किडनैप कर पहाड़ी इलाके में ले गए। ड्राइवर को छोड़कर उनमें से तीन ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया था। 22 जुलाई, 2023 को पीड़ित का मामला सीबीआई को सौंप दिया गया। हालांकि, इस अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित के लिए न्याय की मांग को लेकर 17 जनवरी को कुकी समुदाय के लोगों ने चुराचंदपुर में कैंडललाइट मार्च निकाला।

# जम्मू-कश्मीर में क्रिप्टो से हो रहा आतंक और अलगाववाद का वित्तपोषण

### हवाला नेटवर्क की तरह इस्तेमाल हो रहा चैनल

नई दिल्ली। सुरक्षा एजेंसियों ने क्रिप्टो हवाला नेटवर्क का पता लगाया है। इस नेटवर्क के माध्यम से मूल स्त्रोत को गुप्त रखते हुए विदेशों से जम्मू-कश्मीर तक पैसा पहुंचाया जा रहा था। इसका इस्तेमाल आतंक व अलगाववादी गतिविधियों के वित्त पोषण में किया जा रहा था।

अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि यह चैनल पूरी तरह हवाला नेटवर्क की तरह इस्तेमाल किया जाता है। इससे पैसे के मूल स्त्रोत तक पहुंचना आसान नहीं रहता और आतंकी नेटवर्क तक विदेशी पैसा पहुंचा रहा है। इसने हमारी सुरक्षा चिंताओं को और बढ़ा दिया है। यहां बता दें कि सुरक्षाबल ने आतंकियों के नेटवर्क पर शिकंजा कस रखा है और उनके वित्त स्त्रोत भी लगभग बंद हैं। क्योंकि इसमें गैर बैंकिंग चैनल का उपयोग किया जाता है, ऐसे में धन के स्त्रोत तक पहुंचना सुगम नहीं है ।सभी वर्चुअल डिजिटल एसेट सर्विस प्रोवाइडर्स वित्तीय खुफिया इकाई से पंजीकृत रहते हैं और प्रत्येक लेन-देन पर नजर रहती है।



वित्त वर्ष 2024-25 में केवल क्रिप्टो 49 एक्सचेंज ने पंजीकरण कराया था। उसके बाद सरकार ने नियमों में बदलाव किया और इनके उपयोगकर्ताओं की भौगोलिक ट्रैकिंग के साथ अन्य उपाय भी अनिवार्य बनाए गए हैं। इसमें उपयोगकर्ताओं से लाइव सेल्फी अनिवार्य रहती है।

### केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर की जांच

साथ ही पेनी ड्राप विधि से खाते की पुष्टि के साथ पैन व अन्य पहचान पत्र के माध्यम से पुष्टि अनिवार्य बनाई गई है। केंद्रीय एजेंसियों संग मिलकर जम्मू-कश्मीर पुलिस की जांच में सामने आया है चीन, मलेशिया, म्यांमार और कंबोडिया जैसे देशों से एकसे क्रिप्टो वालेट चलाए जा रहे हैं और उसके वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का उपयोग किया जा रहा है ताकि पहचान को छिपाया जा सके।

# बीजापुर मुठभेड़ में छह माओवादी ढेर, चार पर था 20 लाख का इनाम

### मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नेशनल पार्क क्षेत्र में पिछले दो दिनों से चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान चार महिला समेत छह माओवादी मारे गए हैं। इनमें से चार की पहचान हो चुकी है, जो 20 लाख रुपये के इनामी थे।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों में आठ लाख रुपये का इनामी डिविजनल कमेटी सदस्य दिलीप बेड़जा और पांच-पांच लाख रुपये के इनामी एरिया कमेटी सदस्य शामिल हैं। साथ ही दो लाख रुपये की इनामी राधा मेट्टा की पहचान भी हुई है।

पुलिस अधीक्षक डा. जितेन्द्र यादव ने बताया कि माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शनिवार को माओवादियों और पुलिस के बीच रुक-रुक कर फायरिंग होती रही। उसी दिन चार माओवादियों के शव बरामद हुए, जबकि रविवार को दो और माओवादी मारे गए।

### मुठभेड़ स्थल से भारी हथियार बरामद

पुलिस का मानना है कि कार्रवाई से नेशनल पार्क एरिया कमेटी का नेतृत्व बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मुठभेड़ स्थल से एके-47, इंसास, कार्बाइन और 303 राइफल समेत छह ग्रेडेड हथियार बरामद किए गए हैं। मालूम हो कि गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक माओवादियों के समूल सफाए का लक्ष्य रखा है।

# 'प्लेन में बम है...' इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

### लखनऊ में उतारा गया, 8 घंटे तक सर्चिंग के बाद सूचना झूठी निकली; वापस रवाना

**लखनऊ।** इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रहे विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एटीसी को रविवार सुबह 8: 46 बजे इंडिगो की 6 ई-6650 फ्लाइट में बम की सूचना मिली।

विमान सुबह 9: 17 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यात्रियों को उतारकर विमान को आइसोलेशन बे में पार्क किया गया। करीब आठ घंटे तक जांच की गई। बम की सूचना झूठी होनी की पुष्टि होने के बाद शाम 4: 40 बजे यात्रियों समेत डेस्टिनेशन के लिए रवाना हुआ। इस मामले में इंडिगो एयरलाइंस के सुरक्षा अधिकारी विपिन त्रिपाठी ने अज्ञात के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में तहरीर दी है

जानकारी के मुताबिक, विमान के बाथरूम के अंदर एक नैपकिन पर धमकी लिखी मिली। लिखा था- प्लेन में बम है। एक यात्री को यह नैपकिन दिखी तो उसने इसकी सूचना क्रू मेंबर को दी।

बाद में विमान को तत्काल लखनऊ डायवर्ट किया गया। यहां बम निरोधक दस्ते, फायर ब्रिगेड, मेडिकल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने विमान को घेर लिया।

### दूषित पानी

### कार्यकर्ता बोला- श्मशान से रिकॉर्ड गायब; राहुल गांधी ने पीड़ितों से बातचीत का वीडियो शेयर किया

# इंदौर में दूषित पानी से 50 से ज्यादा मौतें होने का दावा

भोपाल। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी से पीड़ित परिवारों से बातचीत का वीडियो रविवार को अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया। इसमें एक कार्यकर्ता ने दावा किया कि दूषित पानी से 50 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं।

वहीं, पीड़ित परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मौतों की वास्तविक संख्या छिपाई, कई शव रातों-रात गांव भेज दिए गए और श्मशान के रिकॉर्ड तक गायब कर दिए गए।

दरअसल, इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने के बाद अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। राहुल गांधी शनिवार को इंदौर के भागीरथपुरा पहुंचे थे और दूषित पानी से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की थी। वीडियो में परिवारों ने बताया कि पानी की समस्या 22 तारीख से शुरू हुई थी और कई लोग अस्पताल में भर्ती हुए। जीवन लाल बरेड़े और मीराबाई के परिवारों ने कहा कि बुजुर्ग और अन्य सदस्य बीमार पड़े, कुछ की मृत्यु हो गई, लेकिन मुआवजा अपर्याप्त और प्रशासन की प्रतिक्रिया ढीली रही।



### आयुक्त का तबादला कर जवाबदेही खत्म की

पीड़ितों ने आरोप लगाया कि नगर निगम के अफसरों की लापरवाही और नर्मदा लाइन कनेक्शन के लिए ली गई रकम के बावजूद पानी की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। कई परिवारों ने कहा कि आयुक्त का तबादला कर जवाबदेही खत्म कर दी गई। राहुल गांधी ने प्रभावित परिवारों की बातें सुनी और कहा कि उनकी लड़ाई को उजागर किया जाएगा ताकि आगे किसी और परिवार के साथ ऐसा न हो।

### पहले सरकार ने कहा था 4 मौतें, फिर 15 मौतें मानी

भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 24 लोगों की मौत हुई है। इस मामले में पहले प्रशासन की ओर से चार लोगों के मरने की पुष्टि की गई थी। इसके बाद 6 लोगों की मौत बताई गई। फिर हाईकोर्ट ने सरकार से डेथ ऑडिट रिपोर्ट मांगी। सरकार ने 15 जनवरी को रिपोर्ट पेश की। इसमें सरकार ने कहा था कि 21 लोगों की मौत रिपोर्ट की गई है, इनमें से 15 लोगों की मौत दूषित पानी से हुई है, बाकी 6 लोगों की मौत अन्य कारणों से हुई है।

## संपादकीय

# सड़क पर जान की जिम्मेदारी किसकी?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आज के डिजिटल युग में फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स सेवाएं हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुकी हैं। Zomato, Swiggy, Blinkit, Zepto जैसी कंपनियां हमें 10 मिनट में खाना या सामान पहुंचाने का वादा करती हैं। लेकिन इस चमक-दमक के पीछे छिपी है उन लाखों गिग वर्कर्स की तकलीफ, जो दोपहिया वाहन पर सड़कों पर जान जोखिम में डालकर ये डिलीवरी करते हैं। सवाल यह है कि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं में जान की जिम्मेदारी आखिर किसकी है ?

भारत में करोड़ों गिग वर्कर्स ऐप-बेस्ड डिलीवरी का काम करते हैं। ये ज्यादातर युवा हैं, जो बेरोजगारी के कारण इस पेशे में आए। लेकिन 10-मिनट डिलीवरी का टारगेट उनके लिए मौत का दूसरा नाम बन जाता है। एल्गोरिदम उन्हें लगातार प्रेशराइज करता है—देरी हुई तो रेटिंग गिरती है, इंसेंटिव कटता है, और कई बार आईडी ब्लॉक कर दी जाती है। ट्रैफिक, लाल बत्ती, खराब मौसम—कुछ भी मायने नहीं रखता। बस समय पर पहुंचना जरूरी है।

पिछले कुछ सालों में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां डिलीवरी पार्टनर तेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए एक्सीडेंट का शिकार हुए। 2025 में ही हैदराबाद में Zepto के एक 25 साल के डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। कई वर्कर्स ने दो-दो एक्सीडेंट बताए, पैरों में फ्रैक्चर तक हुए। यूनियनों का कहना है कि ये हादसे संयोग नहीं, बल्कि हाइपर-फास्ट डिलीवरी मॉडल का नतीजा हैं। तेज ड्राइविंग से न सिर्फ उनकी, बल्कि राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ती है।

कंपनियां दावा करती हैं कि वे एक्सीडेंट इंश्योरेंस देती हैं—कुछ में 10 लाख तक का कवर। लेकिन हकीकत अलग है। कई वर्कर्स बताते हैं कि क्लेम मिलने में देरी होती है, या क्लेम रिजेक्ट हो जाता है। स्वास्थ्य बीमा, पेड लीव, पेंशन जैसी बेसिक सुविधाएं लगभग नदारद हैं। काम ठेके पर होता है, इसलिए कंपनी उन्हें कर्मचारी नहीं मानती—जिम्मेदारी से बचने का आसान तरीका।

2025 के अंत और 2026 की शुरुआत में गिग वर्कर्स ने बड़े पैमाने पर हड़ताल की। उन्होंने 10-मिनट डिलीवरी मॉडल खत्म करने, पारदर्शी पेमेंट और बेहतर सुरक्षा की मांग की। दबाव बढ़ने पर केंद्र सरकार ने हस्तक्षेप किया। जल्द ही Blinkit, Zepto, Swiggy जैसी कंपनियों ने 10 मिनट डिलीवरी का दावा अपनी मार्केटिंग से हटा लिया। वर्कर्स ने राहत की सांस ली—अब रेटिंग के डर से रॉन्ग साइड या सिग्नल तोड़कर नहीं भागना पड़ेगा। लेकिन यह सिर्फ शुरुआत है।

### सड़क पर जान की असली जिम्मेदारी तीन स्तरों पर बंटी है

**प्लेटफॉर्म कंपनियों की** — जो प्रॉफिट के लिए एल्गोरिदम से प्रेशर बनाती हैं। उन्हें मजबूत इंश्योरेंस, न्यूनतम आय गारंटी और सुरक्षित काम की शर्तें देनी चाहिए।

**सरकार की** — जो गिग वर्कर्स को श्रम कानूनों में शामिल करे, सोशल सिक्योरिटी फंड बनाए और सख्त नियम लागू करे।

**हम ग्राहकों की** — हम 10 मिनट में डिलीवरी चाहते हैं, लेकिन क्या हम इसके लिए किसी की जान दांव पर लगाना उचित मानते हैं ?

यह वक्त है कि हम समझें—सुविधा महत्वपूर्ण है, लेकिन इंसानी जान उससे ज्यादा कीमती है। जब तक कंपनियां, सरकार और समाज मिलकर जिम्मेदारी नहीं लेंगे, तब तक सड़कें डिलीवरी बॉयज के लिए मौत का जाल बनी रहेंगी।

# अवैध कब्जा हटाने व दंगा आरोपियों को जमानत न मिलने पर ऐसा रवैया चिंताजनक

अवधेश कुमार



राजधानी दिल्ली का तुर्कमान गेट पूरे देश में चर्चा का विषय है। पाकिस्तान द्वारा इस पर दिए गए वक्तव्य को आधार बनाएं तो कह सकते हैं इसकी चर्चा सीमा पार भी चला गया है। चर्चा अगर सकारात्मक और उचित हो तो चिंता का कोई कारण नहीं। किंतु यहां तो एक ओर दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा अवैध निर्माण को गिराने और उसकी सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस तथा सामने विरोध और पत्थरबाजों से टकराव। अगर इसके दो दिन पहले वापस लौटें तो फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों में उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किया जाना सबसे ज्यादा चर्चा और बवंडर का विषय था। इन दोनों घटनाओं को एक साथ मिलकर देखिए तो कुछ समानताएं दिखेंगीं तथा निष्कर्ष चिंताजनक आएंगे। दोनों मामलों में न्यायपालिका विद्यमान है। जमानत खारिज करने और उनके साथ पांच अन्य आरोपियों को जमानत देने का आदेश हमारे शीर्ष न्यायपालिका का है तो अवैध निर्माण खाली करने का आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय का । इसके विरुद्ध दायर याचिकाओं को न्यायालय ने तत्काल सुनवाई के योग्य नहीं माना तथा आगे की तिथि निर्धारित कर दी। बावजूद जिस तरह से इसका विरोध हुआ, हो रहा है और जैसी प्रतिक्रियाएं आ रहीं हैं उनको कैसे देखा जाए ?

ध्यान रखिए, उमर खालिद और सर्जिल इमाम की जमानत याचिका छठी बार खारिज हुई है। दो बार ट्रायल न्यायालय में ,दो बार दिल्ली उच्च न्यायालय में और दूसरी बार उच्चतम न्यायालय ने। उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि एक वर्ष तक अब आरोपी किसी भी न्यायालय में जमानत याचिका नहीं डाल सकते हैं। क्या हम मानते हैं कि उच्चतम न्यायालय बिना ठोस तथ्यों और सबूतों को देखे हुए ऐसा आदेश दे देगा ? उसने जिन पांच लोगों को जमानत दी उनके साथ भी 12 कठोर शर्तें लगाई है। उसमें स्पष्ट लिखा है अगर इन शर्तों का उल्लंघन हुआ तो निचला न्यायालय उनकी जमानत रद्द कर सकता है। इससे समझा जा सकता है कि न्यायालय के सामने किस तरह की सच्चाइयां प्रस्तुत हुईं हैं। ऐसा तो है नहीं कि इन दोनों के लिए मुकदमा लड़ने वाले वहां नहीं थे। सच यह है कि दिल्ली पुलिस की ओर से तो केवल सरकारी वकील थे , जबकि दूसरी तरफ प्रमुख नामी वकीलों की फौज थी। यही हाल दिल्ली तुर्कमान गेट इलाके के मुकदमों का भी था। फैज़ ए इलाही मस्जिद, जिसे लेकर दुष्प्रचार किया गया उसे वक्फ की संपत्ति कहा गया है। कहा जाता है कि उस मस्जिद का निर्माण औरंगजेब के ही काल में हुआ था। शाही जामा मस्जिद जहां मुगल शासक परिवार से लेकर समाज के उच्च वर्गीय मुसलमानों के लिए थी वहीं सामान्य मुसलमानों के लिए फैज ए इलाही मस्जिद बनाई गई।

हम इसमें नहीं जाना चाहते कि सच क्या है। मुख्य बात है कि मस्जिद के आसपास चारों तरफ ताकत और संख्या बल की बदौलत सरकारी जमीनों पर कब्जे कर व्यावसायिक स्थल खड़े किए गए उनको हटाया जाना आवश्यक था। आम दिल्ली में रामलीला मैदान से दरियागंज की ओर के रास्ते में मुड़ेंगे तो सामने हज मंजिल दिखाई देगा। उसी के पीछे यानी बाएं से आगे बढ़िये तो पूरा तुर्कमान गेट का इलाका है। उसी रास्ते में फैज ए इलाही मस्जिद से लेकर जमा मस्जिद के बीच अनेक मस्जिदें हैं । हर कुछ दूरी पर आपको मस्जिदें दिखेगी। कभी किसी सरकारी विभाग ने उन मस्जिदों को तोड़ने की कोशिश तक नहीं की। फैज ए इलाही मस्जिद के इर्द-गिर्द बारात घर, डायग्नोस्टिक सेंटर , पुस्तकालय, दूकानें सब बना लिए गए। रामलीला मैदान की जमीन कब्जाई गई। खाली करने की कोशिश करने वालों की हमेशा शामत आ जाती थी। उस रास्ते पर दिन में चलना तक मुश्किल हो चुका था। स्थानीय लोगों की मांग खाली करने की थी। दिल्ली नगर पालिका परिषद में वर्षों से अनेक पत्र और आवेदन इसके लिए आते रहे हैं। थाने में वहां आपराधिक गतिविधियों की शिकायतें आम बात हैं। अब आप सोचिए क्या अवैध जमीन पर, भले वह मस्जिद से लगी हुई हो ,बारात घर, क्लीनिक या डायग्नोस्टिक सेंटर , व्यावसायिक लाइब्रेरी, दुकानें बनाना इस्लामी कृत्य है ? क्या उसे तोड़ना इस्लाम या मुसलमान के विरुद्ध माना जाएगा ? जिस मस्जिद को खरोंच तक नहीं आया उसको आधार बनाकर जिन लोगों ने पुलिस से टकराव की पहले से तैयारी की उनके बारे में क्या कहा जाए ? भले यह विषय यहां नहीं है किंतु क्या किसी मजहब, पंथ का स्थल अगर सरकारी जमीन पर हो तब भी क्या उसे स्पर्श नहीं किया जाएगा ?

कुछ लोगों का तर्क है कि कार्रवाई रात में क्यों की गई ? उस क्षेत्र में दिन में कार्रवाई करने का मतलब चारों तरफ के ट्रैफिक को रोक देना होता और इसके परिणाम भयानक हो सकते थे। सामान्य स्थिति में वहां बुलडोजर, डिम्पल, गाड़ियां जा ही नहीं सकती थी।

सोचिए, अगर रात में कार्रवाई के बाद इतनी पत्थरबाजी हुई तो दिन में कैसी तस्वीर होती ? उमर खालिद, सर्जिल इमाम की जमानत न मिलने को भी इस्लाम और मुस्लिम मुद्दा बनाया गया तो तुर्कमान गेट के अवैध कब्जे को मुक्त करने के अभियान को भी। आप बहुत बड़े वर्ग की देशभर की प्रतिक्रियाएं देख लीजिए। टीवी चैनलों के डिबेट, समाचार पत्रों , सोशल मीडिया में आये वक्तव्यों पर नजर डाल दीजिए तथा जिस तरह के वीडियो सामने आए हैं वो देश के वर्तमान और भविष्य को लेकर किसी को भी भयभीत करने वाले हैं। तुर्कमान गेट मामले में बाजाब्ता यूट्यूब चैनलों पर फिल्मों के दृश्य की तरह लोगों को अल जिहाद , अल जिहाद गाने के साथ संघर्ष के लिए उत्तेजित किया गया। कुछ लोगों की गिरफ्तारियां हुई हैं। इतनी भीड़ में पत्थर किन-किन ने चलाई सबकी पहचान असंभव है। उमर खालिद सर्जिल इमाम के रिहा होने पर अगर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के कब्र खोदने के नारे लग रहे हैं, भारत की संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक भगवा ध्वज तक की कब्र खोदने के नारों से पता चलता है कि समाज के अंदर किस तरह झूठ के आधार पर जहर और बारूद पैदा किया जा चुका है।

दुर्भाग्य से राजनीतिक नेताओं में भाजपा विरोधियों ने भी अपराध को अपराध , अवैध कब्जे को अवैध कब्जा कहने की जगह इनको राजनीतिक मुद्दा बनाया है। इसका लाभ पाकिस्तान जैसा देश उठाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि पाकिस्तान ने स्वयं अपने यहां अल्पसंख्यक हिंदुओं, सिखों, ईसाइयों का समूल नाश किया है ? । मुस्लिम समुदाय के बहुत बड़े वर्ग में यह भावना घर करा दी गई है कि नरेंद्र मोदी सरकार मुस्लिम विरोधी है, यह भारत में मुसलमानों को नष्ट करना चाहते हैं, मस्जिदें , मदरसे , दरगाह इस्लामी रीति- रिवाज सब उनके निशाने पर हैं। एक वर्ग में यह भाव भी पैदा किया जा रहा है कि न्यायालय तक पर मोदी सरकार का नियंत्रण है और उनके मन के अनुसार मुसलमान और विरोधियों के विरुद्ध वो फैसला दे रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने जमानत रद्द करते हुए या तुर्कमान गेट के अवैध कब्जे पर न्यायालय ने जैसी टिप्पणियां की है वास्तव में चिंता उनसे होनी चाहिए। न्यायालय की दृष्टि में उमर खालिद , सर्जिल इमाम जैसे लोग नागरिकता संशोधन कानून या नेशनल नागरिकता रजिस्टर के विरुद्ध लोगों को भड़काने, हिंसा की योजना बनाने, उनके लिए सामग्रियां जुटाने आदि में सम्मिलित दिखते हैं। इस तरह सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा ,गैर कानूनी कमाई करना उसके आधार पर दादागिरी और धौंसपट्टी जैसी भूमिका अपराधियों की ही मानी जाएगी।

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में ऐसा लगता है कि पूरा शहर और जिले का बहुत बड़ा भाग ही कब्जा लिया गया। मौलिक, उनसे जुड़े स्थल, तालाब, कुयें कब्जाए गए या ध्वस्त कर , जमींदोज कर उन पर निर्माण कर दिए गए। इनके विरुद्ध कार्रवाई और खाली कराने के आदेश या दंगे के आरोपियों की जमानत रद्द करना मुसलमान या इस्लाम की रक्षा लड़ाई कैसे हो सकती है ? इस प्रश्न का उत्तर आप अवश्य तलाशिये क्योंकि यह भारत के अखंड राष्ट्र के रूप में बने रहने का प्रश्न भी है।

# बेरोजगारी का दंश


केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है, जिसमें गत दिसंबर में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.8 फीसदी होने की बात कही गई है। भारत दुनिया में युवाओं के देश के रूप में जाना जाता है। लेकिन हम इस युवा शक्ति का भरपूर उपयोग राष्ट्र विकास में नहीं कर पा रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि देश के शहरी क्षेत्र में पंद्रह वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं में बेरोजगारी की दर गांवों के मुकाबले ज्यादा है। जहां शहरों में यह प्रतिशत बढ़कर 6.7 फीसदी हुआ है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में यह 3.9 फीसदी स्थिर है। हाल ही के वर्षों में बेरोजगारी देश में बड़ा मुद्दा रहा है, जो भारत जैसे विकासशील देश के हित में नहीं है। किसी भी अर्थव्यवस्था में विकास दर तभी सार्थक होगी, जब रोजगार के नये मौके उपलब्ध हो रहे हों। नीति-नियंताओं को आत्ममंथन करना होगा कि दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था में रोजगार के नये अवसर क्यों नहीं बन रहे हैं। सरकारें सुनिश्चित करें कि युवाओं को देश की तरक्की में योगदान देने का अवसर मिले। यदि बेरोजगारी की दर बढ़ रही है तो इसके मायने हैं कि संगठित और असंगठित क्षेत्र में नौकरी के मौके बढ़ नहीं रहे हैं। कहा जा रहा है कि औद्योगिक क्षेत्रों में एआई और डिजिटलीकरण के चलते भी नौकरियां घटी हैं। तो क्या हम इस चुनौती के लिये अपने युवाओं को तैयार कर रहे हैं ?

निश्चित रूप से देश के नीति-नियंताओं को मंथन करना चाहिए कि 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसे अभियानों के जमीनी परिणाम उत्साहवर्धक क्यों नहीं हैं ? युवाओं की कौशल विकास कार्यक्रमों में भागीदारी के बावजूद रोजगार के मौके क्यों नहीं बढ़ रहे हैं ? क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था समय के साथ कदमताल नहीं कर पा रही है ? विडंबना यह भी है कि बढ़ती आबादी के बावजूद सरकारी क्षेत्र की नौकरियां कम हो रही हैं। युवाओं की शिकायत होती है कि सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया में तमाम तरह की विसंगतियां व्याप्त हैं। वे परीक्षा प्रणाली पर भी सवाल उठाते रहे हैं। निस्संदेह, बढ़ती बेरोजगारी हमारे विकास के मापदंडों पर भी सवाल खड़ी करती है। निश्चित रूप से संतुलित आर्थिक विकास की सार्थकता के लिए जरूरी है कि देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़े तथा आर्थिक असमानता भी दूर हो। तेज विकास दर के साथ लोगों के जीवन में खुशहाली भी आनी चाहिए। रोजगार के अवसर बढ़ने से ही समाज में खुशहाली आ सकती है। जब देश में रोजगार के मौके बढ़ेंगे तो समाज में वास्तविक समृद्धि आ सकती है। रोजगार के अवसर बढ़ने से उत्पादकता बढ़ेगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में भी मदद मिलेगी। निस्संदेह, बढ़ती क्रय शक्ति भी अर्थव्यवस्था को गति देती है। निर्विवाद रूप से बेरोजगारी कम किए बिना हम देश के सौ साल पूरे होने तक विकसित भारत का लक्ष्य मुश्किल से हासिल कर पाएंगे। हमें एआई व डिजिटल चुनौती के मुकाबले के लिए युवाओं का कौशल विकास तेज करना चाहिए।




# टाईम पास

## काकुरो पहेली -3775




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3774 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मालकिन ने नई नौकरानी से पूछा- 'देखो ! मैं ज्यादा बातचीत नहीं करती. अगर मैं अंगुली से इशारा करूँ तो समझ लो कि मैं बुला रही हूँ.'

इस पर नौकरानी बोली-'जी ! मैं भी बहुत कम बोलना पसन्द करती हूँ. अगर मैं अपना सिर हिला दूं तो समझ जाइये कि मैं नहीं आ सकती.'

□ □ □

जेल की एक कोठरी में बैठे तीन कैदी बता रहे थे कि वे क्यों पकड़कर बन्द कर दिये गए ?

पहला-'मै चुनाव में राजनारायण के पास में काम कर रहा था !'

दूसरा-'और मैं राजनारायण के खिलाफ काम कर रहा था !'

तीसरा-'राजनारायण मैं खुद हूँ.'

□ □ □

प्रेमिका बोली, ''मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह न करूंगी जो झूठ बोलता हो.''

प्रेमी बोला, ''तब तो तुम सारा जीवन कुंवारी रहोगी.''

□ □ □

मंत्री जी ने अस्पताल के नवनिर्मित ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन करते हुए अपने भाषण में कहा-''भाइयों, ऑपरेशन थिएटर का निर्माण एक अच्छी बात है. इतने बड़े अस्पताल में रोगियों के मनोरंजन के लिए उनका अपना थिएटर होना बहुत जरूरी है.''

## फिल्म वर्ग पहेली- 3775



**बायें से दायें:-**

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास हैं' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक ?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक ?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झूमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूँ ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3774



## सूडोकु -3775


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3774 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 3775



**बाएँ से दाएँ**

1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली -3774 का हल



# इंटरनेशनल साइबर ठग गिरफ्तार

## 1 XBET ऑनलाइन बेटिंग ऐप का अवैध कॉल सेंटर चलाता था, लोगों से पैसे लगवाता था

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह अपराधी कॉल सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन बेटिंग ऐप पर पैसे लगवाकर ठगी करता था। आरोपी की पहचान नेपाल निवासी अनूप श्रेष्ठ के रूप में हुई है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त गोपनीय इनपुट के आधार पर रविवार को थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोपी सेक्टर-1, नोएडा स्थित MIR PEGASIS CONNECT PVT LTD कंपनी के द्वितीय तल पर 1 XBET ऑनलाइन बेटिंग ऐप का अवैध कॉल सेंटर संचालित कर रहा था।



### पुलिस ने ये सामान बरामद किए

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 01 सर्वर, 04 कंप्यूटर सीपीयू, 03 राउटर, 10 पीएनटी फोन, 01 अंग्रेजी/रूसी भाषा का की-बोर्ड और 01 सैमसंग मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी और कंपनी के मालिकों द्वारा अब तक करोड़ों रुपये की ठगी में प्रयुक्त बैंक खातों की जानकारी जुटाई रही है।

एडीसीपी शेव्या गोयल ने बताया कि 1 XBET ऑनलाइन बेटिंग से संबंधित एक मामला जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर साइबर थाने में दर्ज हुआ था। इसकी जानकारी आई4सी के माध्यम से नोएडा पुलिस को दी गई थी। आई4सी की तकनीकी-कानूनी सहायता से ऑफिस को ट्रेस कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

आरोपी भारत में प्रतिबंधित ऑनलाइन बेटिंग ऐप के जरिए भारतीय नागरिकों को जुआ खेलने के लिए प्रेरित करता था।

वह ग्राहकों के पैसे जमा/निकासी के लिए टेक सपोर्ट के नाम पर ठगी करता था।

ये पैसे कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित MULE ACCOUNT में लिए जाते थे और फिर मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए जाते थे, जिससे भारत सरकार के राजस्व को नुकसान होता था।

### पूरा काम ऑनलाइन सर्वर पर किया जा रहा था

बरामद सर्वर सीपीयू में ठगी से संबंधित डेटा मौजूद है। 1 XBET ऐप के संबंध में भारत के विभिन्न राज्यों में कई मुकदमे दर्ज हैं। यह एक सत्यापित ऐप नहीं है, बल्कि एक थर्ड पार्टी ऐप है जिसे एपीके फाइल के माध्यम से ब्राउज़र से डाउनलोड कर इस्तेमाल किया जाता है। MIR PEGASIS CONNECT PVT LTD · PT FABLE TECHNOLOGY NUSANTARA साथ एग्रीमेंट की आड़ मे 1 XBET को टेक सपोर्ट देने भारत में प्रतिबन्धित ऑनलाइन बेटिंग ऐप की गतिविधि को प्रमोट एवं संचालित किया जा रहा है। जिसका पूरा कार्य ऑनलाइन सर्वर के माध्यम से किया जा रहा है।

आरोपी मई 2022 के अन्तिम सप्ताह में नेपाल से दिल्ली आया और उसके बाद में दिल्ली से मास्को (रूस) चला गया। जहाँ आरोपी ने ऑनलाइन प्लेटफार्म एचएसआई पर जाँब सर्च की, जिसके बाद कॉल सेंटर से ऑपरेटर की जाँब के लिए कॉल आया तो आरोपी 1 XBET ऑनलाइन बेटिंग कम्पनी के ऑफिस पहुँचा।

जहां 1 XBET ऑनलाइन बेटिंग के काम के सम्बन्ध में अच्छी जानकारी होने पर आरोपी नवम्बर 2022 से मास्को रूस में स्थित 1 XBET ऑनलाइन बेटिंग कम्पनी में करीब ढाई वर्ष तक काम किया। इसके बाद 1 XBET ऑनलाइन बेटिंग कम्पनी की रसियन ऑफिसर लीजा ने आरोपी को दिल्ली भेज दिया। फिर आरोपी जून 2025 को मास्को से इंडिया आ गया। 1 XBET कम्पनी द्वारा पहले आरोपी को REDDY APP की आईडी प्रोवाइड कराकर इंडिया भेजा गया था, दिल्ली (इंडिया) आने के बाद आरोपी को कम्पनी वालो ने REDDY APP के माध्यम से सम्पर्क किया और खुद को दिल्ली के 1 XBET कम्पनी का डॉयरेक्टर बताया तथा आरोपी उक्त कम्पनी में काम करने लगा।

# ग्रेटर नोएडा सोसाइटी में बैठक के दौरान हंगामा

## निवासियों ने एओए सदस्यों पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आम्रपाली गोल्फ होम्स एवं किंग्सवुड सोसायटी में रविवार को जनरल बॉडी मीटिंग (जीबीएम) के दौरान जमकर हंगामा हुआ। निवासियों ने एडहॉक अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) के सदस्यों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया और जीबीएम को बर्खास्त कर दिया।

सोसायटी के निवासी गौरव और शिवराज ने बताया कि जीबीएम शुरू होने पर जब लोगों ने सवाल पूछने शुरू किए, तो उन्हें मौका नहीं दिया गया। आरोप है कि उनके हाथों से माइक छीन लिए गए और एडहॉक एओए के सदस्यों ने गलत शब्दों का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया, जिससे निवासी आक्रोशित हो गए। विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरक्षाकर्मियों और निवासियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। जीबीएम में उपस्थित लोगों ने हाल ही में पास किए गए एफएमएस टेंडर का पूरा विवरण मांगा। इस टेंडर के तहत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये प्रति माह की एजेंसी नियुक्त की गई है। हालांकि, एडहॉक एओए सदस्यों ने टेंडर से जुड़े कोई भी दस्तावेज़ साझा करने से इनकार कर दिया।

सतीश, राजाराम और उज्जवल ने आरोप लगाया कि एडहॉक एओए के अध्यक्ष ने लोगों से आपत्तिजनक और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। इसके बाद, निवासियों ने अपनी एक बैठक आयोजित की और निर्णय लिया कि एडहॉक एओए द्वारा लिए गए सभी प्रमुख वित्तीय निर्णयों, विशेषकर टेंडर की, स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए। यह प्रस्ताव शीघ्र ही कोर्ट रिसीवर एवं रजिस्ट्रार को आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंपा जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा से महिला दो बच्चों संग लापता

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सालारपुर गांव से एक महिला अपने दो छोटे बच्चों के साथ पिछले 22 दिनों से लापता है। महिला का पति लक्ष्मण, जो मूल रूप से राजस्थान के भरतपुर जिले का रहने वाला है, ने रविवार को दनकौर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लक्ष्मण पिछले कई वर्षों से सालारपुर गांव में रहकर मजदूरी का काम करता है। उसने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी 27 दिसंबर को बच्चों के साथ घर से निकली थी, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटी। परिजनों और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की गई, लेकिन महिला और बच्चों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। लक्ष्मण ने बताया कि इतने दिनों तक पत्नी और बच्चों का पता न चलने से वह बेहद परेशान है और किसी अनहोनी की आशंका से चिंतित है। थक-हारकर उसने रविवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का फैसला किया। इस संबंध में दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि पीड़ित की तहरीर पर महिला और उसके बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर मामले की जांच कर रही है और जल्द ही महिला व बच्चों को तलाश करने का प्रयास किया जा रहा है।

### दनकौर में आवारा कुत्तों का आतंक

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है, जिससे स्थानीय लोग दहशत में हैं। दनकौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों के अनुसार, हर महीने औसतन 150 से अधिक लोग कुत्तों के काटने के बाद रेबीज का इंजेक्शन लगवाने अस्पताल पहुंच रहे हैं। कस्बे की मुख्य सड़कों पर आए दिन कुत्तों के हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं। पैदल चलने वाले राहगीरों के साथ-साथ बाइक सवार भी इन कुत्तों का शिकार बन रहे हैं। अचानक झुंड में हमला करने वाले ये कुत्ते लोगों को काटकर घायल कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों राजू उपाध्याय, तरुण, जीतन और विकास ने बताया कि इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई है। हालांकि, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। लोगों का आरोप है कि कुत्तों को पकड़ने और उनकी संख्या को नियंत्रित करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है, जिससे यह समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। स्थिति यह है कि मुख्य सड़क पर कुत्ते खड़े रहते हैं और आते-जाते लोगों पर हमला कर देते हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, छोटे बच्चों और बुजुर्गों में विशेष रूप से भय व्याप्त है।

### नोएडा की सड़कों पर 'ई-रिक्शा' का कब्जा, न पार्किंग का डर, न पुलिस का खौफ



**नोएडा।** सड़कों पर सफर करना अब किसी चुनौती से कम नहीं है। हाईटेक सिटी की चौड़ी सड़कें अब ई-रिक्शा के 'आतंक' के नीचे दबती जा रही हैं। नियमों को ताक पर रखकर दौड़ते ये ई-रिक्शा न सिर्फ जाम का कारण बन रहे हैं, बल्कि बड़े हादसों को भी न्योता दे रहे हैं। बता दे कि मामला नोएडा के सेक्टर 12-22 के मुख्य चौराहे का है। ऐसी ही स्थिति नोएडा के सभी मेट्रो स्टेशनों की हैं। नोएडा के सेक्टर 18 और 16 के मेट्रो स्टेशन पर तो ई-रिक्शा वाले सडको को इस प्रकार झुंड बना कर खडे हो जाते ट्रैफ़िक अव्यवस्था के कारण जाम लग जाता और लोगो को अपनी गाडी निकाला मुहाल हो जाता है। सिटी सेंटर हो, बॉटनिकल गार्डन या फिर सेक्टर-62, हर जगह ई-रिक्शा का जाल बिछा है। चालक कहीं भी रिक्शा रोक देते हैं, जिससे पीछे चल रहे वाहनों की रफ्तार थम जाती है। न तो इनके चलने की कोई निश्चित लेन है और न ही सवारी बैठाने का कोई तय स्थान। कई बार तो नाबालिग भी इन रिक्शों को दौड़ाते नजर आते हैं। हाईटेक शहर की रफ्तार पर ई-रिक्शा का ब्रेक। बेतरतीब ड्राइविंग और अवैध स्टैंड्स ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। क्या प्रशासन इन पर लगाम लगाएगा।

### एओए सदस्यों के दुर्व्यवहार पर लोगों का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** आम्रपाली गोल्फ होम्स और किंग्सवुड सोसाइटी में रविवार को आयोजित हुई आम सभा की बैठक (जीबीएम) का आयोजन किया गया। आरोप है कि इस दौरान एडहॉक एओए (अस्थायी एओए) के सदस्यों ने लोगों के साथ गाली-गलौच की। इस पर लोगों ने विरोध जताते हुए सोसाइटी में मार्च निकालकर प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। सोसाइटी में रहने वाले गौरव और शिवराज ने बताया कि रविवार को अस्थायी एओए की तरफ से आम सभा की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में सोसाइटी के लोग पहुंचे। वहीं, जब जीबीएम शुरू हुई तो लोगों ने एओए सदस्यों से कई मुद्दों पर सवाल पूछने शुरू किए गए तो उन्हें मौका नहीं दिया गया। आरोप है कि सवाल पूछने पर उनके हाथों से माइक छीन लिया गया। इतना ही नहीं जिन लोगों ने सवाल पूछे थे, उनसे एडहॉक एओए के सदस्य ने दुर्व्यवहार किया और उनके साथ गाली गलौज की। इसका लोगों ने कड़ा विरोध जताया। इसके बाद बिना जबाव दिए एओए ने बैठक को बर्खास्त कर दिया। इसके बाद लोगों ने सोसाइटी में मार्च निकालकर विरोध जताया है।

### डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन के लिए महापंचायत

**नोएडा।** सेक्टर-115 स्थित सोरखा खेल मैदान में रविवार को भारतीय किसान परिषद के नेतृत्व में डूब क्षेत्र की 40 कॉलोनियों के लोगों ने बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर महापंचायत की। पंचायत में भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खिलाफ ने कहा कि जिले में रहने वाले हर निवासी को बिजली आपूर्ति देने की विद्युत निगम की जिम्मेदारी है। डूब क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोग बिजली आपूर्ति से वंचित है। ठेकेदारों द्वारा मनमाने तरह से आपूर्ति दी जा रही है। इसके लिए लोगों को भारी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आठ फरवरी तक डूब क्षेत्र में कनेक्शन देने के लिए विद्युत निगम को समय दिया गया है। अन्यथा नौ फरवरी से सेक्टर-16 मुख्य अभियंता परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू दिया जाएगा। साथ ही एनटीपीसी दादरी और नोएडा प्राधिकरण से लंबित अधिकारों की लड़ाई के लिए आने वाले समय में चेतावनी ज्ञापित करते हुए धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। डूब क्षेत्र में जल्द बिजली कनेक्शन देने के लिए शहर के विधायक पंजक सिंह भी दो बार लिखित और कई बार मौखिक भी मांग कर चुके हैं। इस पर उन्हें जल्द बिजली कनेक्शन देने का आश्वासन भी मिला है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई।

### ग्रेनो में सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए सर्वेक्षण होगा

**ग्रेटर नोएडा।** एकीकृत सफाई व्यवस्था के तहत ग्रेटर नोएडा में सड़कों की मैनुअल और मशीन से सफाई के साथ घर- घर से कचरा उठाने की योजना में रुचि दिखाने वाली अनुभवी कंपनियां इलाके का सर्वेक्षण करने के बाद ही अपना सुझाव देंगी। स्थलीय निरीक्षण से कार्य की अनुमानित लागत का आकलन भी करेंगी। निविदा जारी करने से पूर्व बीते दिनों हुई बैठक में कंपनियों ने इसके लिए प्राधिकरण से दो सप्ताह का समय मांगा है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सफाई की नई व्यवस्था लागू करने के लिए सक्षम फर्मों यानी कंपनियों की तरफ से दिए गए सुझावों और अनुमानित लागत का आकलन करने के बाद निविदा जारी की जाएगी। उम्मीद है कि यह प्रक्रिया अगले एक से दो माह के अंदर पूरी कर ली जाएगी। प्रथम चरण में ग्रेटर नोएडा सेंट्रल और ग्रेटर नोएडा ईस्ट के लिए कंपनी का चयन किया जाएगा। इसे तीन जोनों में बांटा गया है। जोन- 3,4 और 5 में सेक्टरों के साथ सूरजपुर-कासना मार्ग, 105 मीटर चौड़ी सड़क और नोएडा एक्सप्रेसवे के हिस्से को भी शामिल किया गया है। इस इलाके में वर्तमान में काम कर रही एजेंसी का समय पूरा होने वाला है। दरअसल, एकीकृत सफाई व्यवस्था के तहत एक अनुभवी कंपनी की तलाश के लिए प्राधिकरण ने करीब दो साल पहले 242 करोड़ रुपये की निविदा जारी की थी। पांच साल के लिए कंपनी का चयन किया जाना था। कंपनी द्वारा निविदा राशि 242 करोड़ रुपये से अधिक लगभग 350 करोड़ रुपये की मांग की जा रही थी। इसके चलते बात नहीं बन पाई। इस बार प्राधिकरण निविदा जारी करने में काफी सावधानी बरत रहा है।

### नोएडा के बंद कॉरपोरेट ऑफिस में आग

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा के सेक्टर 63 में एक बंद कॉरपोरेट ऑफिस में रविवार सुबह आग लग गई। आग पहली मंजिल से शुरू होकर ग्राउंड फ्लोर तक फैल गई, जिससे ऑफिस में रखे सिस्टम और अन्य सामान जल गए। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सबसे पहले बिल्डिंग के शीशे तोड़कर धुएं को बाहर निकाला। दो दमकल गाड़ियों की मदद से लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि आग की सूचना सुबह 6 बजकर 1 मिनट पर मिली थी। उन्होंने बताया कि टीम ने सीढ़ी की मदद से शीशे तोड़े और तकनीकी मशीनों से धुआं निकाला। पास की इमारतों पर भी पानी का छिड़काव किया गया ताकि आग न फैले। आग लगने का प्रारंभिक अनुमान शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि फायर विभाग ने अभी तक स्पष्ट कारण की पुष्टि नहीं की है। रविवार होने के कारण ऑफिस बंद था और कोई स्टाफ मौजूद नहीं था। गार्ड ने ही फायर विभाग को आग की सूचना दी थी।

# 20 मोबाइल फोन बरामद, 2 शातिर स्नेचर गिरफ्तार

## नोएडा पुलिस ने एक बाल अपराधी को भी पकड़ा

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से छीने गए 20 मोबाइल फोन, 2000 रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल और अवैध हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी हिरासत में लिया है।



सेक्टर-39 थाना पुलिस ने रविवार को इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से इन आरोपियों को मल्टीलेवल पार्किंग के पीछे से पकड़ा। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान अलीगढ़ निवासी अर्जुन और नोएडा निवासी रोबिन त्यागी के रूप में हुई है।

एडीसीपी श्रव्य गोयल ने बताया कि ये आरोपी और बाल अपचारी नोएडा व आसपास के क्षेत्रों से मोबाइल फोन छीनते और चोरी करते थे। छीने गए फोन को वे राह चलते कबाड़ियों को बेच देते थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है और उनसे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

# नोएडा इंजीनियर की मौत, दो बिल्डर पर मुकदमा दर्ज

## पुलिस ने जारी किया रेस्क्यू वीडियो, घटना स्थल पर लगाए गए बैरीकेड

**नोएडा।** घने कोहरे ने एक साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की जान ले ली। वो अपनी ग्रेंड विटारा कार से गुरुग्राम से नोएडा के सेक्टर-150 टाटा यूरिका पार्क सेक्टर-150 रहा था। यहां एटीएस ले ग्रैंड के पास कार नाले की दीवार को तोड़ते हुए उसमें गिर गई। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई।



### दो बिल्डर पर एफआईआर

ये कार सेक्टर-150 के खाली प्लाट में गिरी। पुलिस ने पिता राजकुमार मेहता की शिकायत पर दो बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले की जांच की जा रही है।

इससे पहले आज घटना के स्थल पर बैरीकेड कर दिए गए है। ताकि और कोई घटना न हो। इसमें पहला बिल्डर एमएजे विशटाउन प्लानर लिमिटेड और दूसरा लोट्स ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड है।

वहीं पुलिस ने युवक को बचाने से संबंधित एक रेस्क्यू के वीडियो शेयर किए है। अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ राजीव नारायण मिश्र ने कहा कि ये घटना दुखद है। इस घटना सूचना मिलते ही पुलिस और फायर बिग्रेड ने मिलकर काम किया।

फायर ब्रिगेड की क्रेन और उपकरण प्रयोग में लाए गए। फाइनल रेस्क्यू एसडीआरएफ को जोड़कर किया गया। उस समय जीरो विजिबिलिटी थी। पीड़ित परिवार की ओर दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# नोएडा में तीन बदमाश गिरफ्तार

## सवारी बिठाकर लूट करते थे, दो मुठभेड़ और एक काम्बिंग में पकड़ा गया

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में थाना इकोटेक-3 पुलिस और शातिर बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि एक बदमाश को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। दरअसल, शनिवार रात थाना ईकोटेक-3 पुलिस कच्ची सड़क के पास चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम ने एक संदिग्ध अर्टिगा कार को रुकने का इशारा किया, लेकिन कार सवार व्यक्ति नहीं रुके और तेज गति से भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। आगे रास्ता बंद होने पर कार सवार बदमाश गाड़ी से उतरकर भागे और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान जियाउल्लाह उर्फ हैदर (निवासी ग्राम छोटा चन्दमोहन, थाना कुंडवाचैदपुर, जिला मोतिहारी, बिहार) और अमन गुप्ता (निवासी मोहल्ला बालकिशन अलीगंज, थाना अलीगंज, जिला एटा) के रूप में हुई है। उनका एक साथी नसीम अली उर्फ रियाज (निवासी ग्राम अर्जुनी सिमरई, थाना राजा का रामपुर, जिला एटा) को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

# नोएडा में इंजीनियर की मौत पर कैंडल मार्च

नोएडा। ग्रेटर नोएडा सेक्टर-150 स्थित टाटा यूरेका पार्क सोसाइटी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत के बाद लोगों में गहरा आक्रोश है। रविवार रात को सोसाइटी के सैकड़ों निवासियों ने कैंडल मार्च निकालकर मृतक को श्रद्धांजलि दी और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन रखा।

निवासियों का कहना है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी और प्रबंधन की लापरवाही के कारण एक होनहार युवक की जान चली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सोसाइटी परिसर में निर्माण कार्य और रखरखाव के दौरान सुरक्षा उपायों का पालन नहीं किया जा रहा था, जिसकी शिकायतें पहले भी की गई थीं।

लेकिन उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया। कैंडल मार्च में शामिल लोगों के हाथों में जस्टिस फॉर सॉफ्टवेयर इंजीनियर, नेग्लिजेंस टुक अ लाइफ और डिफेक्टिव सिक्योरिटी सिस्टम जैसे पोस्टर थे। प्रदर्शनकारियों ने बिल्डर, मेंटेनेंस एजेंसी और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। सोसाइटी के एक वरिष्ठ निवासी ने कहा कि यह सिर्फ एक व्यक्ति की मौत नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता है।

# नोएडा में पानी की मॉनिटरिंग के लिए होगा क्लाउड सिस्टम

## एक कंपनी आई आगे, 6 महीने इंस्टॉल, 1.80 करोड़ लागत, पायलट प्रोजेक्ट पर होगा काम

**नोएडा।** जल आपूर्ति व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए क्लाउड बेस्ड रिमोट मॉनिटरिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम बनाया जाएगा। यह व्यवस्था रिमोट सेंसर आधारित होगी, जिसमें हर कनेक्शन में पानी आपूर्ति, टीडीएस, गंगाजल, नलकूप और रैनीवेल संचालन की जानकारी का आंकड़ा जल्द मिलेगा।

इसके लिए कंपनी का चयन इसी सप्ताह कर लिया जाएगा। छह जनवरी तक आवेदन मांगे गए थे। जिसमें एक ही कंपनी आई। ये तीसरी बार आवेदन मांगे गए थे इसलिए जो कंपनी आई है उसी को कंसिडर किया जाएगा।




### पायलट प्रोजेक्ट पर काम होगा

प्राधिकरण के जीएम आरपी सिंह ने बताया कि इस सिस्टम से नोएडा प्राधिकरण को यह पता चल जाया करेगा कि कौन सी लाइन से कितने घरों या संस्थानों में पानी की आपूर्ति नहीं हुई है।

इसके बाद कारण पता कर तत्काल सुधार करवाया जा सकेगा। जल विभाग इस व्यवस्था को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 6 सेक्टरों से शुरू करने जा रहा है, जिसमें 1 करोड़ 80 लाख 97 हजार रुपए की लागत का अनुमान है।

### इन सेक्टरों को चुना गया

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सेक्टर-14, 14 ए, 15, 15 ए, 16 व 16 ए का चयन किया गया है। इस व्यवस्था के जरिए इन सेक्टरों की सभी पानी की लाइन, भूमिगत व ओवरहेड जलाशय, नलकूप और यमुना किनारे के रैनीवाल जोड़े जाएंगे। हर एक सेक्टर के प्रवेश स्थल जहां से सेक्टर में पानी आपूर्ति की लाइनें अलग-अलग दिशा में जाती हैं, वहां पर रिमोट सेंसर लगाए जाएंगे।

### छह महीने में हो जाएगा इंस्टॉल

इस मॉनिटरिंग सिस्टम को कंपनी छह महीने में इंस्टॉल करेगी। जिसके बाद आकड़े मिलने लगेंगे। पायलट प्रोजेक्ट है इसलिए कंपनी खुद ही इस प्रोजेक्ट की मानिटरिंग करेगी और आकड़े प्राधिकरण को देगी। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर इसे पूरे सिस्टम में इंस्टॉल किया जाएगा।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में टैक्सी चालक की मौत

## दनकौर क्षेत्र में खड़ी कार को पीछे से मारी टक्कर, केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर हुए सड़क हादसे में एक टैक्सी चालक की मौत हो गई। दो कारों की भिड़ंत में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को मृतक के परिजनों ने आरोपी कार चालक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत में बिजनौर निवासी शकील अहमद ने बताया कि उनका 22 वर्षीय बेटा साहिल नोएडा के सेक्टर 63 में रहता था और टैक्सी चलाता था। शनिवार को साहिल नोएडा से सवारी लेकर दनकौर क्षेत्र स्थित एक यूनिवर्सिटी के पास आया था। सवारी उतारने के बाद वह यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर अपनी कार खड़ी कर अगली सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही एक अन्य कार ने साहिल की खड़ी कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायल साहिल को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

मृतक के परिजनों का आरोप है कि यह हादसा आरोपी कार चालक की लापरवाही के कारण हुआ है। उन्होंने इस संबंध में दनकौर कोतवाली में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### जेवर विधायक ने मतदाता सूची की समीक्षा की

**जेवर।** जेवर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को मतदाता सूची की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने प्रवासी बूथ संख्या 238 पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ ऑनलाइन माध्यम से यह समीक्षा की। बैठक के दौरान, विधायक धीरेंद्र सिंह ने बूथ स्तर पर दर्ज मतदाताओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की और नए मतदाताओं के पंजीकरण, नामों में संशोधन तथा सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की। विधायक धीरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि निष्पक्ष और त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, यह सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# झांसी में 27 साल छोटी गर्लफ्रेंड के टुकड़े-टुकड़े किए

## रिटायर्ड रेलवेकर्मी 7 दिन से अंगों को जला रहा था; ऑटो में नीला बक्सा रखकर भागा

**झांसी।** झांसी में एक रिटायर्ड रेलवेकर्मी ने 27 साल छोटी प्रेमिका की हत्या कर दी। फिर बॉडी को कई टुकड़ों में काट डाला। सबूत मिटाने के लिए वह सात दिनों से रोजाना एक-एक अंग जला रहा था, ताकि उसकी बदबू घर तक ही समिति रहे।

शनिवार देर रात 64 साल का आरोपी अधजले अंगों, हड्डियों और राख को नीले बक्से में भरकर फेंकने जा रहा था। उसने एक लोडर (ऑटो) में बक्से को लादा और अपनी दूसरी पत्नी के घर पहुंचा।

बक्से से बदबू आ रही थी। पानी भी टपक रहा था। इस पर लोडर ड्राइवर और मोहल्ले के लोगों को शक हुआ। रात 2 बजे पुलिस आई। लेकिन आरोपी फरार हो गया।

पुलिस ने बक्सा खोला तो सभी के होश उड़ गए। अंदर अधजले अंग, राख पड़ी हुई थी। पुलिस ने आरोपी के बेटे समेत 3 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

मृतक की पहचान प्रीति (37 साल) के रूप में हुई है। वह राम सिंह परिहार उर्फ बृजभान के साथ सीपरी




बाजार के बह्म नगर में लिव-इन में रहती थी। बृजभान ने दो शादियां कर रखी हैं। प्रीती तीसरी महिला है, जिसके साथ वह रह रहा था।

### 2 पत्नियां, तीसरी के साथ रिलेशनशिप

पुलिस के अनुसार, आरोपी रामसिंह परिहार उर्फ बृजभान नंदनपुरा का रहने वाला है। वह रेलवे में जॉब करता था। वह दो शादियां कर चुका था।

6 साल पहले उसकी ड्यूटी एक रेलवे अधिकारी के बंगले पर थी। वहां पास के बंगले में सीपरी बाजार निवासी प्रीति (37) काम करने के लिए आती थी। तब दोनों की मुलाकात हुई, जो प्यार में बदल गई।

प्रीति के 3 बच्चे थे, मगर वो पति और बच्चों को छोड़कर रामसिंह के साथ लिव-इन में रहने लगी। प्रीति को रामसिंह ने तीसरी पत्नी के रूप में रख लिया गया। मगर वो पैसे मांगती थी। शुरुआत में रामसिंह उसकी डिमांड पूरी करता रहा, मगर अब ये डिमांड बढ़ने लगी थी। इससे रामसिंह परेशान हो गया था। तब उसने प्रीति का मर्डर प्लान किया।

## मौनी अमावस्या पर शारदा नदी में तीन की मौत, घाट पर मचा कोहराम

**पीलीभीत।** मौनी अमावस्या पर शारदा नदी के धनाराघाट पर हुए हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। रविवार को दो किशोर, सुमित (14 वर्ष) और सौरभ (15 वर्ष), नदी में नहाने के दौरान डूब गए। उन्हें बचाने गए युवक केशव प्रसाद की भी डूबने से मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तीनों शव सुरक्षित बाहर निकाले गए। गांव चंदिया हजारा निवासी सुमित और सौरभ दोपहर को नदी में नहाने गए थे। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दोनों किशोर कराए गए चेनेराइजेशन कार्य के दौरान खोदे गए गहरे गड्ढों में चले गए, जिसकी गहराई अधिक होने के कारण वे डूब गए इन्हें बचाने के लिए केशव प्रसाद तुरंत नदी में कूदे, लेकिन वे किशोरों को बचा नहीं पाए और खुद भी डूब गए। घटना के बाद घाट पर कोहराम मच गया और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस और प्रशासन मृतकों के परिजनों को सांत्वना देने में जुटे हैं। गोताखोरों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों शव नदी से बाहर निकाले। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी किनारे सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण यह दुर्घटना हुई। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों को सतर्क रहने और बच्चों को अकेले नदी में न जाने की चेतावनी दी है।

## नेपाल से वनउपज लेकर जा रहे ट्रक को वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीम ने पकड़ा

### 18 टन दारूहल्दी की जड़ों सहित वाहन अभिरक्षा में

**पीलीभीत।** नेपाल से उत्तराखंड ले जाई जा रही वनउपज को लेकर आए एक ट्रक को वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीम ने पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे पर पकड़ लिया। वाहन चालक के पास अभिवाहन पास न होने और वन उपज से संबंधित आवश्यक दस्तावेज न होने के कारण ट्रक और लदी हुई सामग्री को कब्जे में लिया गया। इस कार्रवाई में संबंधित चालक से जुर्माना वसूला गया और वैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई।

वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीम, डिप्टी रेंजर दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में देर शाम पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे पर गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम ने टोल प्लाजा के पास पूरनपुर से आ रहे एक ट्रक को रोक लिया।

पकड़े गए ट्रक के चालक ने अपना नाम अकील, पुत्र जमील, निवासी चारूबेटा, थाना साटीमा, उत्तराखंड बताया। ट्रक में भरे माल के संबंध में पूछताछ की गई तो चालक ने स्वीकार किया कि वह नेपाल से दारूहल्दी की जड़ें लेकर उत्तराखंड जा रहा है। दारूहल्दी एक औषधीय पौधा है, जिसका उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं और औषधियों के निर्माण में किया जाता है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग की टीम ने चालक से अभिवाहन पास की मांग की, लेकिन चालक पास प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद टीम ने ट्रक और वनउपज को कब्जे में ले लिया।

वन प्रभाग ने वाहन और वन उपज को अभिरक्षा में लेकर वैधानिक कार्रवाई की। इसके साथ ही संबंधित चालक से जुर्माना वसूला गया। टीम में डिप्टी रेंजर दिग्विजय सिंह के साथ वन रक्षक रंजीत कुमार और तेजपाल भी मौजूद थे। डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया कि बगैर अभिवाहन पास नेपाल से उत्तराखंड ले जाई जा रही इस ट्रक में कुल 18 टन दारूहल्दी की जड़ें लदी हुई थीं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई वन संरक्षण और वन उपज के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग की इस कार्रवाई से यह संदेश जाता है कि वन सुरक्षा कानूनों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों और ट्रक चालकों से अपील की कि वे वन उपज का परिवहन केवल अधिकारिक अभिवाहन पास और वैधानिक दस्तावेज के साथ करें। डीएफओ ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से न केवल वन उपज के अवैध व्यापार पर रोक लगेगी, बल्कि वन संरक्षण और औषधीय पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## शार्ट न्यूज

### ऑपरेशन रक्षा' के तहत स्पा सेंटर, मसाज पार्लर, होटलों पर चला सघन चेकिंग अभियान



**ललितपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या:-वी0पा0ला0-एचसी-व-13/2023/71 दिनांक 07.01.2026 के अनुक्रम में आपरेशन रक्षा विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक जनपद ललितपुर के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी कालू सिंह के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में थाना ए0एच0टी0 से निरीक्षक हरिशंकर, उ. नि. मंसूर अंसारी, म0का0 कल्पना बाजपेयी, SJPU से म0का0 अंजू यादव, चाइल्ड लाइन से अजय कुशवाहा, अतुल कुमार, शिवम शुक्ला, शिवम अहिरवार की संयुक्त टीम तथा थाना कोतवाली ललितपुर से मिशन शक्ति प्रभारी हरिनाथ सिंह की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर जनपद ललितपुर क्षेत्र के स्पा सैन्टरो, होटलो में महिला सशक्तिकरण के तहत मानव तस्करी के सम्बन्ध में आपरेशन रक्षा के तहत सर्च अभियान चलाया गया ।

### ट्रक ने पति-पत्नी और बेटे को रौंदा, मौत

**लोनी।** गाजियाबाद में रविवार शाम तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से पति-पत्नी और उनके 10 साल के बेटे की मौत हो गई। जबकि दूसरा 7 साल का बेटा घायल है। उसके पैर की हड्डी टूट गई है। ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी थी। फिर तीन को रौंद डाला। बाइक करीब 10 मीटर तक पहिए में फंसकर घिसटती चली गई। हेलमेट टूटकर दूर गिरा। पति-पत्नी और दोनों बच्चे एक ही बाइक पर थे। ट्रक में LPG सिलेंडर लोड था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सड़क पर एक गड्ढा था। बचने के लिए बाइक सवार ने गाड़ी धीमी की और थोड़ा बाएं मोड़ा, इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक बाइक सवार लोगों के ऊपर से गुजर गया। ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग गया है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। दिल्ली के बुराड़ी इलाके के रहने वाले ललित (37 साल) लोनी में एक रिश्तेदार के यहां गए थे। साथ में उनकी पत्नी पिंकी (37 साल) और उनके दो बेटे आरव (10 साल) और नीरव (7 साल) भी थे। रविवार को वह लोनी से वापस दिल्ली जा रहे थे।

### 131 स्मार्टफोन बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत वितरण के लिए आए 802 स्मार्टफोन और 5 टैबलेट कलेक्ट्रेट से गायब हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 131 स्मार्टफोन बरामद किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि 13 जनवरी को वर्तमान ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आशीष वर्मा ने फतेहगढ़ कोतवाली में तहरीर दी थी। तहरीर में बताया गया था कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत मेधावी छात्रों को वितरित किए जाने वाले 802 मोबाइल फोन और 5 टैबलेट गोदाम से गायब हैं। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने जांच के दौरान मोहम्मदाबाद से वीर प्रताप नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से लावा कंपनी के 131 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। वीर प्रताप पूर्व में कलेक्ट्रेट में स्वान नेटवर्किंग का कार्य देखता था।

### पुलिस ने टप्पेबाज गिरोह का किया भंडाफोड़

**बांदा।** बांदा पुलिस ने कलश यात्रा के दौरान महिलाओं के मंगलसूत्र और चेन चोरी करने वाले एक टप्पेबाज गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में दो पुरुषों और छह महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी किए गए सात मंगलसूत्र और एक सोने की चेन बरामद की गई है। यह घटना 15 जनवरी 2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में कलश यात्रा के दौरान हुई थी। रामलीला मैदान और राइफल क्लब मैदान अलीगंज से अज्ञात चोरों ने महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और जंजीरें चुराई थीं। इस संबंध में कोतवाली नगर थाने में मामला दर्ज कर अभियुक्तों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई थीं। पुलिस को सूचना मिली कि अतर्रा रोड बाईपास के पास एक सफेद चारपहिया वाहन में कुछ संदिग्ध पुरुष और महिलाएं हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आवश्यक बल प्रयोग करते हुए दो पुरुष और छह महिलाओं को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से पीले धातु के सात मंगलसूत्र और एक जंजीर बरामद हुई।

### बागपत में तेज रफ्तार कार खाई में गिरी

**बागपत।** बागपत जनपद के बावली गांव के पास एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार बेकाबू होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में कार सवार दो युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकाला, लेकिन वे क्षतिग्रस्त कार लेकर मौके से फरार हो गए। यह घटना बावली गांव के समीप हुई। सफेद रंग की स्विफ्ट कार सड़क से उतरकर अचानक एक खेत में जा गिरी। गाड़ी की रफ्तार काफी तेज बताई जा रही है। हादसा होते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने ट्रैक्टर की मदद से कार को खाई से बाहर निकाला और कार में फंसे दोनों युवकों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों युवक शराब के नशे में थे और इसी कारण यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों युवकों को मामूली चोटें आई थीं। उन्होंने खुद को गाजियाबाद जनपद का निवासी बताया। कार बाहर निकलते ही दोनों युवक क्षतिग्रस्त वाहन लेकर मौके से चले गए। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि उन्हें इस गाड़ी हादसे की कोई जानकारी नहीं मिली है।

## जिले में चला जागरूकता अभियान, मिशन शक्ति के तहत ग्रामीण इलाकों का दौरा

ललितपुर। माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

## गन्ना आयुक्त ने सट्टे से अधिक गन्ना रखने वाले किसानों के लिए विशेष निर्देश जारी

### सभी किसानों के पेराई योग्य गन्ने की चीनी मिलों में आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी : जिला गन्ना अधिकारी

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के गन्ना आयुक्त ने जिले के सभी गन्ना अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कुछ किसानों के पास सट्टे से अधिक गन्ने की आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए विशेष संयुक्त सर्वे टीम बनाई जाए। जिले की सभी चीनी मिलें वर्तमान में गन्ना पेराई के काम में तेजी से जुटी हैं, लेकिन कुछ किसानों ने यह जानकारी दी थी कि उनके खेतों में अभी भी खड़ा गन्ना पेराई के योग्य है, जबकि उनके कैलेंडर की पर्चियां समाप्त हो चुकी हैं।

इस स्थिति को देखते हुए गन्ना



आयुक्त ने आदेश दिया है कि 20 जनवरी 2026 से 5 फरवरी 2026 तक चीनी मिल और विभागीय गन्ना पर्यवेक्षकों की संयुक्त टीम किसानों के खेतों में खड़े गन्ने का सर्वे करें। इससे चीनी मिलों को अतिरिक्त आपूर्ति योग्य गन्ना एडिशनल बॉन्डिंग के रूप में प्राप्त होगा और किसानों का गन्ना पेराई योग्य रहेगा। रविवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने इस क्रम में आज पूरनपुर चीनी मिल के क्रय केंद्र, रमपुरा का निरीक्षण किया गया और किसानों से प्रत्यक्ष फीडबैक लिया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों ने बताया कि उनके कैलेंडर में पर्चियां कम हैं, जबकि उनके खेतों में अभी भी पेराई योग्य गन्ना मौजूद है।

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बताया कि किसानों के हित में ही गन्ना आयुक्त ने यह निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी किसानों के पेराई योग्य गन्ने की चीनी मिलों में आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और गन्ने की पेराई समाप्त होने के बाद ही मिलें बंद की जाएंगी।

## बीएसए कार्यालय परिसर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा : पेट्रोल पंप कारोबारी की मुश्किलें बढ़ीं

**पीलीभीत।** बीएसए कार्यालय परिसर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामले में हाल ही में राजस्व टीम द्वारा पैमाइश कर जमीन की असली स्थिति का खुलासा होने के बाद विवाद और बढ़ गया है। जांच में यह सामने आया कि पेट्रोल पंप के कारोबारी संदीप पुरी ने अपने कार्य के लिए सरकारी जमीन में पिलर लगवाने की कोशिश की थी।

जानकारी के अनुसार, बीएसए कार्यालय परिसर में बड़ी मात्रा में जमीन खाली पड़ी है। 14 जनवरी को पेट्रोल पंप के मालिक संदीप पुरी ने श्रमिकों की मदद से जमीन में खुदाई कर पिलर लगवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। कारोबारी ने जमीन पर अपने मालिकाना हक का दावा करते हुए न्यायालय के आदेश का हवाला दिया।

बीएसए रोशनी सिंह और स्टाफ ने विरोध किया। मौके पर एसडीएम श्रद्धा सिंह पहुंचीं और काम को रोकवाकर मामले की जांच शुरू की।

राजस्व विभाग की टीमों ने बीएसए परिसर में पैमाइश की। जांच



में स्पष्ट हुआ कि जिस जगह पिलर लगाए गए, वह बीएसए विभाग की जमीन है और इसमें दो-तीन अलग-अलग गाटा संख्या शामिल हैं। राजस्व टीम ने चूना डालकर जमीन का चिन्हीकरण कर दिया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोरीलाल भीमसेन के इंचार्ज नीरज अरोड़ा ने कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर में बताया गया कि 14 जनवरी को पेट्रोल पंप के मालिक संदीप पुरी और उनके साथ 10-12 अज्ञात लोग जेसीबी लेकर बीएसए कार्यालय परिसर में पहुंचे। उनका उद्देश्य 0.300 हेक्टेयर भूमि पर अवैध निर्माण करना था। आरोपियों ने पिलर लगाने का प्रयास किया और भूमि चिन्हांकित सीमांकन को नुकसान पहुँचाया। कर्मचारियों के विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज और मारपीट की कोशिश की। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। कोतवाली पुलिस ने स्न्वुक्रदर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों को घटना की सूचना तत्काल दी गई थी।

बीएसए रोशनी सिंह ने अपने मातहतों के साथ बैठक कर आगे की कार्रवाई पर विचार किया। राजस्व टीम और बीएसए स्टाफ का कहना है कि सरकारी जमीन के अवैध कब्जे को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम आवास योजना शहरी के तहत जिले में 2119 लाभार्थियों को मिली पहली किस्त

**गाजीपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत गाजीपुर जिले के 2119 लाभार्थियों को आवास निर्माण हेतु पहली किस्त की राशि उनके खातों में हस्तांतरित की गई। लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से यह राशि भेजी। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण गाजीपुर के राइफल क्लब सभागार में किया गया, जिसे लाभार्थियों ने देखा। राइफल क्लब सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा एमएलसी विशाल सिंह चंचल, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल शामिल रहीं। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार, सीआरओ आयुष चौधरी सहित डूडा विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण करने का आरोपित गिरफ्तार

**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने आत्महत्या के दुष्प्रेरित करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 29/2026 धारा 108 बीएनएस में वांछित अभियुक्त नरेश रजक पुत्र हरज्ञान रजक उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम पठाविजयपुरा थाना महरौनी जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर , न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । मुकदमा उपरोक्त की वादिया द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया कि अभियुक्त द्वारा वादिया के पति(मृतक) को रास्ते में रोककर, उनके साथ गाली-गलौज करना, जिससे आहत होकर वादिया के पति द्वारा फांसी लगाकर



आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में । सूचना पर थाना महरौनी पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर, मृतक के शव को नियमानुसार कब्जा पुलिस लेकर, पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर, शव का पोस्टमोर्टम कराया गया है।

प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना महरौनी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है । घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए थाना महरौनी पुलिस द्वारा सर्विलांस (टेक्निकली/मैनुअली) व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त नरेश उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है ।

## आमजनों को सुगम यातायात और जाम की समस्या के स्थाई समाधान के लिए एनएच 44 पर कैलगुवां ओवरब्रिज हुआ तैयार : डीएम

- ओवरब्रिज की दोनों लेन का कार्य अंतिम चरण में, जल्द ही आमजन को मिलेगी सुविधा, नहीं लगेगा जाम
- जिलाधिकारी ने रविवार को मौके पर जाकर देखी प्रगति, 22 जनवरी तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर पुल चालू करने के एनएचएआई को दिए निर्देश

**ललितपुर।** आमजन की सुविधा, यातायात सुरक्षा तथा सुगम यातायात के साथ साथ विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश रविवार को एनएच 44 पर कैलगुवा मार्ग ओवरब्रिज के निर्माण कार्य का जायजा लेने मौके पर पहुंचे और एनएचएआई के अधिकारियों को बुलाकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 22 जनवरी तक पुल का बचा हुआ कार्य त्वरित गति से पूर्ण कराकर इसे आम जन के लिए खोला जाए, ताकि शहर में जाम की समस्या का समाधान हो सके।

इसमें किसी भी स्तर की कोताही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना और विकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए कुछ लक्ष्य तय किए गए हैं, जिनमें



कैलगुवा ओवरब्रिज, शहजाद नदी का पुल और शहर की लाइफ लाइन कही जाने वाली स्टेशन से आजाद चौक तक की मुख्य सड़क का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण शामिल है। इन योजनाओं के पूर्ण होने से ललितपुर वासियों को महानगर जैसा अनुभव होगा और शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति के द्वारा अभी भी अतिक्रमण किया गया है तो वह स्वयं उसे हटा ले, शहर का सुंदरीकरण केवल जिला प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यहां के लोगों का भी दायित्व है। मौके पर एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि ओवरब्रिज का कार्य अपने अंतिम चरण में है। दोनों लेन का कार्य लगभग पूर्ण है, कुछ छोटे छोटे कार्य शेष हैं, जिन्हें आगामी दो दिवसों में पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

गाजीपुर। थाना नोनहरा पुलिस को एक और सफलता प्राप्त हुई है। पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर अपराध में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने दबोच कर कानून के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक, थाना नोनहरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 304/2025, धारा 137(2)/87/65(1) बीएनएस व 5र्6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त शिवम खरवार पुत्र जोगिन्दर खरवार को18 जनवरी को चेकिंग के दौरान ग्राम सुसुण्डी से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई उपनिरीक्षक श्री अजय कुमार सिंह द्वारा मय हमराह पुलिस टीम के साथ की गई। गिरफ्तार अभियुक्त मूल रूप से ग्राम कारो, थाना चितबड़ागांव, जनपद बलिया का निवासी है तथा वर्तमान में शिवधाम कॉलोनी, फुल्लनपुर, थाना कोतवाली, जनपद गाजीपुर में रह रहा था। अभियुक्त की उम्र लगभग 28 वर्ष बताई गई है।

## विशेष बूथ अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों का भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

### एएसडी मतदाताओं की मैपिंग कर फार्म 6 भरवाने के आरओ को दिए निर्देश, मतदाताओं से भी की अपील

**ललितपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आज रविवार को मतदेय स्थलों पर आयोजित विशेष बूथ अभियान का जायजा लेने के उद्देश्य से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया।

इस दौरान वे अपनी प्रशासनिक टीम के साथ पोलिंग बूथों पर पहुंचे और यहां उपस्थित बीएलओ व सुपरवाइजरो के द्वारा मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। बताया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की



निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत आज 18 जनवरी को मतदेय स्थलों पर विशेष बूथ अभियान आयोजित किया गया है, जिसमें बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के फार्म संख्या 6, 7 व 8 भरवाए का रहे हैं।

साथ ही मतदाता सूची भी दिखाई जा रही है। जिलाधिकारी ने समस्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि एएसडी मतदाताओं में छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग कर उनके फार्म 6 फरवाए जाएं। इसके लिए निरंतर बूथों का निरीक्षण करते रहें और मतदाताओं को जागरूक करते रहें। मौके पर कई राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि SIR में सहयोग करते हुए मिले, उन्होंने हुई वार्ता में उन्होंने जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

## संक्षिप्त समाचार

### गगन थापा को पीएम पद का चेहरा बनाएगी नेपाली कांग्रेस

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाली कांग्रेस आगामी चुनाव में गगन थापा को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के रूप में सामने रखकर लड़ने की तैयारी में है। पार्टी के उपसभापति विश्वप्रकाश शर्मा ने यह बात सार्वजनिक रूप से कही है। शर्मा ने यह प्रतिक्रिया निर्वाचन आयोग के विशेष महाधिवेशन से चुनी गई गगन थापा नेतृत्व वाली कार्यसमिति को पार्टी की आधिकारिक इकाई के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लाइव संबोधन में कहा कि अब पार्टी को आंतरिक विभाजन से ऊपर उठकर एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। उनका कहना था कि विशेष महाधिवेशन के समर्थन में हस्ताक्षर करने या न करने के आधार पर पार्टी के भीतर कोई दूरी या गुटबंदी नहीं रहनी चाहिए। अब समय आ गया है कि सभी साथियों को साथ लेकर कांग्रेस को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा। उपसभापति शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी आगे चलकर युवाओं, विशेष रूप से जेन-जी आंदोलन द्वारा उठाए गए सुशासन के मुद्दों को गंभीरता से संबोधित करेगी। उन्होंने कहा, परिवर्तन वही ला सकता है, जो खुद बदलने के लिए तैयार हो।

### ब्राजील : बोल्सोनारो को बेहतर सुविधाओं वाली सेल में भेजा

**रियो दि जनेरियो, एजेंसी।** ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को ब्रासीलिया स्थित फेडरल पुलिस मुख्यालय से पापुडा पेनिटेंटियरी कॉम्पलेक्स की अधिक बड़ी और आरामदायक सेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया। 54 वर्ग मीटर की नई सेल है और में 10 वर्ग मीटर का खुला क्षेत्र है। अदालत ने इसे उच्च-प्रोफाइल कैदियों के लिए अधिक अनुकूल परिस्थितियों वाला कदम बताया। बोल्सोनारो 2022 चुनाव हार के बाद तख्तापलट की कोशिश के मामले में 27 साल की सजा काट रहे हैं।

### कैलिफोर्निया से वोटर डाटा मांगने का ट्रंप प्रशासन का केस खारिज

**कैलिफोर्निया , एजेंसी।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने कैलिफोर्निया से 2.3 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं का विस्तृत व्यक्तिगत डेटा मांगने वाले ट्रंप प्रशासन के मुकदमे को खारिज कर दिया। जज डेविड ओ. कार्टर ने इसे अवैध बताया। उन्होंने कहा कि चुनावों पर अधिकार कार्यपालिका मनमाने ढंग से नहीं ले सकती और ऐसा कदम मतदाता पंजीकरण पर नकारात्मक असर डाल सकता है। अदालत के अनुसार, निजी जानकारी को केंद्र में इकट्ठा करना लोकतंत्र के लिए खतरा है। न्यायाधीश ने कहा कि बिना कांग्रेस की अनुमति ऐसा करना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के खिलाफ है।

### पाकिस्तान : नेशनल असेंबली में अचकजई नेता प्रतिपक्ष नियुक्त

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में शुक्रवार को वरिष्ठ पख्तून कबाइली नेता महमूद खान अचकजई को नेशनल असेंबली में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया। यह पद गत वर्ष अगस्त से खाली था। अचकजई को पीटीआई प्रमुख इमरान खान ने नामित किया था।

### द. अफ्रीकी देशों में भारी बारिश-बाढ़ से 100 से ज्यादा मौतें

**हरारे, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के कई देशों में मूसलाधार बारिश और विनाशकारी बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। दक्षिण अफ्रीका, मोजाम्बिक और जिम्बाब्वे में अब तक 100 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मोजाम्बिक सबसे अधिक प्रभावित है, जहां बिजली गिरने, डूबने और हैजा जैसी बीमारियों से 103 मौतें हुई हैं। मोजाम्बिक में 2 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। जिम्बाब्वे में भी इस साल की शुरुआत से अब तक 70 लोगों की मृत्यु हुई है और 1,000 से ज्यादा घर तबाह हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी प्रांतों में 19 मौतें दर्ज की गई हैं।

### इस्पात उद्योगपति लक्ष्मी निवास मित्तल के पिता का निधन

**लंदन , एजेंसी।** इस्पात उद्योगपति लक्ष्मी निवास मित्तल का 99 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। लक्ष्मी निवास मित्तल ने अपने पिता श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि उनके 'प्रिय पिता' का गुरुवार शाम को लंदन में परिवार के बीच शांति से निधन हुआ। वह अपने 100वें जन्मदिन से केवल कुछ महीने दूर थे। उन्होंने कहा, मेरे पिता असाधारण व्यक्ति थे। उनका मजबूत धार्मिक विश्वास और मेहनत का नजरिया पूरे जीवन उनके साथ रहा। उनका जन्म राजस्थान के छोटे गांव राजगढ़ में एक साधारण परिवार में हुआ था। वे हमेशा परिस्थितियों का सबसे अच्छा उपयोग करना जानते थे और मानते थे कि मेहनत ही आमतौर पर हर समस्या का हल है।

# ट्रम्प की ग्रीनलैंड को लेकर दूसरे देशों को धमकी: कहा- कब्जे से रोका तो टैरिफ लगाऊंगा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने को लेकर खुली धमकी दी है। बीबीसी के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि अगर किसी देश ने ग्रीनलैंड पर कब्जे वाले प्लान में उनका साथ नहीं दिया तो वे उन देशों पर टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान यह बयान दिया। हालांकि, ट्रम्प ने साफ नहीं किया कि किन देशों पर टैरिफ लगाया जाएगा और इसके लिए वह किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ट्रम्प की टैरिफ धमकी के बाद व्हाइट हाउस ने ट्रम्प की तस्वीर सोशल मीडिया ङ्ग पर शेयर की। इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा था- मिस्टर टैरिफ।

**ट्रम्प बोले- गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड जरूरी :** ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल डिफेंस प्रोजेक्ट है। यह इजराइल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से



अमेरिका को बचाना है।

**अमेरिकी संसद की टीम ग्रीनलैंड पहुंची :** ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की। टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वॉशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा, 'हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो।' ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा, 'हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा।' उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

**ग्रीनलैंड को लेकर दो गुट में बंटे अमेरिकी सांसद :** अमेरिकी सीनेटर मर्कोव्स्की ने ग्रीनलैंड को जबरन लेने के खिलाफ संसद में एक बिल पेश किया है। वहीं, एक रिपब्लिकन सांसद ने ग्रीनलैंड को जोड़ने के पक्ष में दूसरा बिल पेश किया। ट्रम्प के विशेष दूत जेफ लैंड्री ने फॉक्स न्यूज को बताया कि अमेरिका को ग्रीनलैंड के नेताओं से सीधे बात करनी चाहिए, न कि डेनमार्क से। उन्होंने कहा, 'ट्रम्प गंभीर हैं। जल्द ही सौदा हो जाएगा।' बुधवार को डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ट ने व्हाइट हाउस में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की थी। एक डेनिश अधिकारी ने बीबीसी से कहा कि सैन्य कार्रवाई की कोई बात नहीं हुई, लेकिन ट्रम्प के बयानों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

**ग्रीनलैंड पर चर्चा के लिए वर्किंग ग्रुप बनेगा :** व्हाइट हाउस में बुधवार को हुई बातचीत में डेनमार्क, ग्रीनलैंड और अमेरिका के बीच कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है। उन्होंने ट्रम्प के ग्रीनलैंड को खरीदने या कब्जा करने के विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा, 'हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यह डेनमार्क के हित में नहीं है।' उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश आर्कटिक में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं। इसमें ग्रीनलैंड में ज्यादा अमेरिकी सैन्य अड्डे बनाने की संभावना भी शामिल है।

**यूरोपीय देश डेनमार्क के समर्थन में आए, सैनिक भेज रहे :** यूरोपीय देशों ने डेनमार्क के समर्थन में कदम बढ़ाए हैं। फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, नॉर्वे, फिनलैंड, नीदरलैंड और ब्रिटेन ग्रीनलैंड में एक निगरानी मिशन के तहत सीमित संख्या में सैनिक भेज रहे हैं। जर्मन विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने में डेनमार्क का समर्थन करने के लिए 13 लोगों की एक टीम भेजेगा। वहीं, स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने बुधवार को कहा कि डेनमार्क के कहने पर स्वीडिश आर्म्ड फोर्स के कई अधिकारियों को एक सैन्य अभ्यास में शामिल होने के लिए ग्रीनलैंड भेजा गया है। ट्रम्प बोले- संधि या लीज नहीं, ग्रीनलैंड पर पूरा कंट्रोल चाहिए ट्रम्प का कहना है कि रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी के कारण ग्रीनलैंड अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि सिर्फ संधि या लीज से काम नहीं चलेगा, बल्कि पूरा कंट्रोल चाहिए। इससे और सुविधाएं मिलेंगी।

## 'शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में नहीं ले सकते', मिनेसोटा की अदालत का आदेश; ट्रंप को झटका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिनेसोटा की एक अदालत ने शुक्रवार को अहम आदेश पारित किया। इस आदेश के तहत शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को संघीय अप्रवासन अधिकारी न तो हिरासत में ले सकते हैं और न ही उनके खिलाफ टियर गैस का इस्तेमाल कर सकते हैं। अमेरिका की डिस्ट्रिक्ट जज केट मेनडेज ने यह आदेश दिया। मिनेसोटा के छह सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दिसंबर में इसे लेकर याचिका दायर की थी, जिस पर अब अदालत ने आदेश सुनाया है।

अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा अप्रवासन विभाग

ट्रंप प्रशासन में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और उन्हें पकड़कर निर्वासित करने की प्रक्रिया चल रही है। मिनियापोलिस के सेंट पॉल इलाके में भी दिसंबर की शुरुआत से ही अवैध अप्रवासियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसका लोगों द्वारा विरोध भी किया जा रहा है। अमेरिकी सिविल लिबर्टीज यूनियन ऑफ मिनेसोटा के कार्यकर्ताओं द्वारा अप्रवासन विभाग की कार्रवाई का विरोध किया जा रहा है।

इस संगठन का कहना है कि अप्रवासन विभाग के अधिकारी लोगों को संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रहे हैं। वहीं सरकारी



अटॉर्नी ने अप्रवासन विभाग और बॉर्डर पेट्रोलिंग अधिकारियों की कार्रवाई का समर्थन किया और कहा कि ये अधिकारी कानून के तहत ही काम कर रहे हैं।

**अप्रवासन विभाग के एजेंटों की गोली से हुई थी महिला की मौत :** मिनेसोटा में अप्रवासन विभाग की कार्रवाई का मिनेसोटा के डेमोक्रेट गवर्नर टिम वाल्ज और मिनियापोलिस के मेयर जैकब फ्रे द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है। बीते दिनों मिनियापोलिस में ही अप्रवासन विभाग के एजेंटों द्वारा रेनी निकोल गुड नामक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से मिनियापोलिस में व्यापक आक्रोश और शोक के माहौल है। मिनियापोलिस और सेंट पॉल में अप्रवासन विभाग की कार्रवाई को निलंबित करने की मांग को लेकर भी अदालत में याचिका दायर की गई है, जिस पर भी जल्द सुनवाई हो सकती है।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव का महासभा के अंतिम संबोधन में वैश्विक संकटों का जिक्र, बोले- तत्काल सुधार जरूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** विश्व निकाय प्रमुख एंतोनियो गुटेरस ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधारों के लिए आगे आने को कहा। उन्होंने चेताया कि जो वैश्विक ताकतें आज विशेषाधिकारों से चिपकी रहेंगी, उन्हें भविष्य में इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है, जिसमें इसके स्थायी और अस्थायी दोनों वर्गों का विस्तार शामिल है। गुटेरस ने इन्हीं बातों को 193 सदस्यीय महासभा में कहा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के महासचिव ने अंतिम महासभा संबोधन में वैश्विक संकटों का उल्लेख करते हुए कहा, सुधार उन सभी वैश्विक संस्थानों में होना चाहिए जो आज की दुनिया को प्रतिबिंबित करते हों। गुटेरस बोले, 1945 के समस्या-समाधान से 2026 की समस्याएं हल नहीं होंगी। यदि संरचनाएं हमारी वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं, तो वे वैधता खो देंगी। यूएन महासचिव ने कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार उतना ही आवश्यक है, जितना कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की शक्ति संरचनाओं को अद्यतन करना।

**सुधार महत्वपूर्ण नहीं अनिवार्य हैं :** गुटेरस ने कहा, हमारी संरचनाएं इस बदलती दुनिया को प्रतिबिंबित करना चाहिए। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय-व्यापारिक संस्थानों में सुधार न सिर्फ महत्वपूर्ण है, बल्कि यह अनिवार्य है। उन्होंने कहा, यही बात सुरक्षा परिषद पर भी लागू होती है। गुटेरेस ने इस बात पर जोर दिया कि सुधारों में सबसे आगे रहना उन लोगों के हित में है जिनके पास सबसे अधिक शक्ति है। हम सभी को बदलाव के लिए पर्याप्त साहसी होना चाहिए। दुनिया इंतजार नहीं कर रही, हमें भी नहीं करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कुछ देशों द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानून का खुलेआम उल्लंघन करने की निंदा करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर कोई ऐसा मेन्यू (व्यंजन सूची) नहीं है, जिसमें से अपनी पसंद का नियम चुना जा सके। गुटेरस ने कहा, जब नेता अपनी सुविधा के हिसाब से यह चुनते हैं कि किस नियम को मानना है और किसे नहीं तो वे दुनिया की व्यवस्था को कमजोर करते हैं और एक बेहद खतरनाक मिसाल कायम करते हैं।

## गाजा का पुनर्निर्माण करने वाले बोर्ड में टोनी ब्लेयर भी शामिल

**गाजा , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में संघर्ष विराम के लिए 20 बिंदुओं वाला एक प्रस्ताव पेश किया था। अब उस प्रस्ताव को लागू करने के लिए ट्रंप ने 'बोर्ड ऑफ पीस' में ब्रिटेन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेयर और अपने दामाद जेरेड कुशनर को शामिल किया है। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को बताया कि टोनी ब्लेयर बोर्ड के संस्थापक सदस्यों में से एक होंगे। अन्य संस्थापक सदस्यों में जेरेड कुशनर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ट्रंप के पश्चिम एशिया में विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को शामिल किया गया है। टोनी ब्लेयर 1997 से लेकर 2007 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद पर रहे। उनके ही नेतृत्व में इराक युद्ध में ब्रिटेन शामिल हुआ था। पीएम पद छोड़ने के बाद टोनी ब्लेयर अंतरराष्ट्रीय शक्तियों अमेरिका, यूरोपीय संघ, रूस और यूएन के पश्चिम एशिया में विशेष दूत के



रूप में काम कर चुके हैं।

**क्या है ट्रंप का बोर्ड ऑफ पीस और ये कैसे काम करेगा :** बोर्ड के अन्य सदस्यों में अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के सीईओ मार्क रोवेन, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बांगा, अमेरिका के उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट गैब्रियल का नाम शामिल किया गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बोर्ड के अध्यक्ष होंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि बोर्ड के सदस्य गाजा में स्थिरता लाने और दीर्घकालिक विकास योजना पर काम करेंगे। जिसमें शासन क्षमता निर्माण, क्षेत्रीय संबंध, गाजा में पुनर्निर्माण, निवेश, वित्तपोषण और पूंजी जुटाने का काम करेंगे।

बोर्ड ऑफ पीस के अलावा एक अलग फलस्तीनी टेक्नोक्रेटिक समिति भी बनाई गई है। इस 15 सदस्यीय समिति का नाम नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन है, जो गाजा में प्रशासन का काम देखेगी।

फलस्तीनी अथॉरिटी के पूर्व डिप्टी पीएम अली साथ इस एनसीएजी के अध्यक्ष होंगे। साथ ही बुल्गारिया के नेता और पश्चिम एशिया में यूए के विशेष दूत रहे निकोलाई म्लादेनोव इस समिति के सदस्य होंगे। ट्रंप की गाजा में अंतरराष्ट्रीय स्थिरता बल को तैनात करने की भी योजना है। ये बल फलस्तीनी पुलिस बल को प्रशिक्षित करेगा। अमेरिका के मेजर जनरल जेस्पर जेफर इस अंतरराष्ट्रीय स्थिरता बल का नेतृत्व करेंगे। अमेरिका की शांति योजना बीते साल अक्तूबर में लागू हुई थी, जिसके चलते गाजा में इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम हुआ। हालांकि अभी भी गाजा के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इस शांति योजना के दूसरे चरण में गाजा का पुनर्निर्माण कराया जाएगा और साथ ही हमास का निरशस्त्रीकरण भी कराया जाएगा।

## एपस्टीन फाइल्स की रिलीज पर सांसद नहीं कर सकते दखल, न्याय विभाग बोला- कांग्रेस का अधिकार नहीं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में चर्चित जेफरी एपस्टीन ट्रैफिकिंग मामले से जुड़ी फाइलों को सार्वजनिक करने को लेकर बड़ा कानूनी घटनाक्रम सामने आया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट (छ्वह्रछ्व) ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस के सदस्य एपस्टीन फाइल्स की रिलीज प्रक्रिया में अदालत के जरिए हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

न्यूयॉर्क के मैनहैटन स्थित शीर्ष संघीय अभियोजक और यूएस अटॉर्नी जे क्लेटन ने एक पत्र के जरिए कहा कि जज के पास यह अधिकार नहीं है कि वह किसी न्यूट्रल एक्सपर्ट या स्पेशल मास्टर की नियुक्ति करें, जो एपस्टीन और गिस्लेन मैक्सवेल से जुड़े




दस्तावेजों की सार्वजनिक रिलीज की निगरानी करे।

**दो सांसदों ने लगाए थे आरोप :** यह पत्र उस मांग के जवाब में भेजा गया है, जो अमेरिकी सांसद रो खन्ना (डेमोक्रेट) और थॉमस मैसी (रिपब्लिकन) ने की थी। दोनों सांसदों ने आरोप लगाया था कि एपस्टीन फाइल्स की बेहद धीमी रिलीज कानून का उल्लंघन है और इससे पीड़ितों को दोबारा मानसिक आघात पहुंच रहा है। हालांकि, जस्टिस डिपार्टमेंट ने साफ कहा कि ये सांसद इस आपराधिक मामले के पक्षकार नहीं हैं, इसलिए उन्हें अदालत से इस तरह की असाधारण राहत मांगने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। विभाग के मुताबिक, जज पॉल ए. एंगेलमेयर के पास ऐसी नियुक्ति करने का अधिकार ही नहीं है। जस्टिस डिपार्टमेंट ने संकेत दिए हैं कि वह जल्द ही अदालत को दस्तावेजों की रिलीज को लेकर प्रगति रिपोर्ट सौंपेगा। अमेरिकी न्याय विभाग ने यह भी बताया कि अब तक करीब 12,000 दस्तावेज जारी किए गए हैं, जबकि कुल फाइलों की संख्या 20 लाख से अधिक है। रिलीज की प्रक्रिया इसलिए धीमी है क्योंकि पीड़ितों की पहचान और संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिए कई दस्तावेजों में संशोधन जरूरी है। गौरतलब है कि जेफरी एपस्टीन की 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में मौत हो गई थी, जिसे आत्महत्या बताया गया था। वहीं उसकी करीबी सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल को 2021 में नाबालिगों की तस्करी और यौन शोषण में मदद करने के आरोप में 20 साल की सजा सुनाई गई थी।

## 'पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने 1 करोड़ लोगों की जान बचाई: डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोकने वाले दावे को फिर दोहराया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें कम से कम 10 मिलियन (1 करोड़) लोगों की जान बचाने के लिए धन्यवाद दिया। ट्रंप ने दावा किया कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच संघर्ष रोककर उन्होंने बड़ा योगदान दिया और इससे वे नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हैं। ट्रंप ने कहा, 'एक साल में हमने 8 शांति समझौते किए, गाजा युद्ध समाप्त किया और मध्य पूर्व में शांति स्थापित की। भारत-पाकिस्तान जैसे दो परमाणु देशों के बीच लड़ाई रोकना अद्भुत था।' ट्रंप ने मई 2025 से लगातार यह दावा दोहराया है कि उनकी दबाव की वजह से दोनों देशों में शांति बनी।

यह घटना अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से जुड़ी है, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की मौत हुई थी। भारत ने इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए गए। यह अभियान 6 से 10 मई 2025 तक चला, जिसमें भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति दिखाई। 10 मई को पाकिस्तान के डीजीएमओ ने अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क कर संघर्ष समाप्त करने का अनुरोध किया, जिसके बाद सीजफायर पर सहमति बनी। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, यह सीजफायर दोनों देशों के बीच सीधे संपर्क से हुआ, किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं थी। भारत ने हमेशा तीसरे देश की मध्यस्थता से इनकार किया है।

**शांति का नोबेल पुरस्कार मांग रहे ट्रंप :** डोनाल्ड ट्रंप के दावों के बीच एक अन्य घटना में वेनेजुएला की विपक्षी नेता और नोबेल पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना माचाडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति को अपना नोबेल पदक भेंट किया, जिसे ट्रंप ने परस्पर सम्मान का अद्भुत इशारा बताया। हालांकि, नॉर्वेजियन नोबेल समिति के अनुसार, एक बार दिया गया पुरस्कार वापस नहीं लिया जा सकता, साझा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता। ट्रंप के बार-बार दोहराए जा रहे दावों पर भारत की ओर से स्पष्ट इनकार है कि कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं था। यह मुद्दा ट्रंप की विदेश नीति उपलब्धियों और नोबेल की मांग से जुड़ा प्रचार बन गया है, जबकि भारत-पाकिस्तान संबंध सीधे द्विपक्षीय प्रयासों पर आधारित रहे।

## ईरान में विरोध शांत, इंटरनेट बंदी अब भी जारी; मौलवी ने की फांसी देने की मांग; ट्रंप को दी धमकी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में हालिया विरोध प्रदर्शनों के बाद अब सड़कों पर सन्नाटा नजर आ रहा है, लेकिन सत्ता के गलियारों में गुस्सा और सख्ती बरकरार है। शुक्रवार को एक वरिष्ठ कट्टरपंथी मौलवी ने न सिर्फ गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों को फांसी देने की मांग की, बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी खुली धमकी दी।

एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर के अंत में शुरू हुए विरोध प्रदर्शन, जो पहले महंगाई और आर्थिक हालात को लेकर थे, धीरे-धीरे ईरान की धार्मिक सत्ता के खिलाफ खुली चुनौती में बदल गए। सरकार की कड़ी कार्रवाई के बाद अब तेहरान समेत देश के कई हिस्सों में जनजीवन सामान्य दिख रहा है, हालांकि इंटरनेट बंदी अब भी जारी है।

**अब तक 3090 लोगों की मौत :** अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने दावा किया है कि कार्रवाई में अब तक कम से कम 3,090 लोगों की मौत हो चुकी है। यह आंकड़ा ईरान में दशकों में हुए किसी भी आंदोलन से कहीं ज्यादा बताया जा रहा है। हालांकि ईरानी सरकार ने अब तक आधिकारिक तौर पर मृतकों की संख्या जारी नहीं की है।

**कट्टर मौलवी ने की सजा की चेतावनी :** इस बीच, शुक्रवार की नमाज के दौरान कट्टर मौलवी आयतुल्लाह अहमद खातमी ने भड़काऊ भाषण दिया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को इस्राइल और अमेरिका का एजेंट बताया और कहा कि हथियार उठाने वालों को मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भी कड़ी सजा की चेतावनी दी।

दिलचस्प बात यह है कि ट्रंप ने




वॉशिंगटन में बयान देते हुए कहा कि ईरान ने सैकड़ों लोगों को फांसी न देकर सही कदम उठाया है। उन्होंने इसके लिए ईरानी नेतृत्व का आभार भी जताया, जिससे संकेत मिला कि अमेरिका फिलहाल सैन्य कार्रवाई से पीछे हट सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव कम करने की कोशिशें भी तेज हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान और इस्राइल दोनों नेताओं से बातचीत की है। वहीं, कई खाड़ी देशों ने अमेरिका को चेताया है कि ईरान में सैन्य हस्तक्षेप से वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान हो सकता है। उधर, ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी ने आंदोलन जारी रखने की अपील की है और खुद ईरान लौटने का दावा किया है। हालांकि देश के भीतर उन्हें व्यापक समर्थन मिलता नहीं दिख रहा।

# डेरिल और फिलिप्स के शतकों से न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास, भारत के खिलाफ पहली बार बनाया ये रिकॉर्ड

**इंदौर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने इतिहास रच दिया, रविवार को इंदौर में तीसरे और आखिरी वनडे में भारत के खिलाफ वनडे में दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी की जिसमें डेरिल मिशेल और ग्लेन फिलिप्स ने शतक लगाए। सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे में जो एक हाई-स्कोरिंग मैच था। मिशेल और फिलिप्स ने उस समय साझेदारी की जब कीवी टीम 58/3 पर थी और उन्होंने चौथे विकेट की साझेदारी में 219 रन बनाए। यह 2022 में ऑकलैंड में भारत के खिलाफ टॉम लैथम और केन विलियमसन की 221 रन की साझेदारी के ठीक पीछे है।

यह पहली बार है जब न्यूजीलैंड के दो बल्लेबाजों ने एक ही वनडे पारी में भारत के खिलाफ शतक बनाए हैं। जबकि मिशेल ने सीरीज का अपना दूसरा शतक (131 गेंदों में 137 रन, 15 चौकों और तीन छक्के) बनाया और फिलिप्स ने सिर्फ 88 गेंदों में 106 रन बनाए जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल थे, उनका स्ट्राइक रेट 120 से ऊपर था।

मिशेल का भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन रहा है और वह हमेशा 'मेन इन ब्लू' के खिलाफ अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर रहे हैं। उन्होंने 13 मैचों और 11 पारियों में 74.10 की औसत और 93 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक और दो अर्धशतक और सर्वश्रेष्ठ स्कोर 137 है। ये चार शतक सिर्फ 11 पारियों में आए हैं जिनमें से दो द्रुष्टष्ट क्रिकेट विश्व कप 2023 में सेमीफाइनल मुकाबला भी शामिल है। यह वनडे में भारत के खिलाफ कीवी खिलाड़ियों के लिए दूसरा सबसे ज्यादा शतक है जो नाथन एस्टल के 29 पारियों में पांच शतकों को पीछे छोड़ने से सिर्फ दो कम है।

यह भारत में मिशेल का चौथा वनडे शतक है जो एस्टल के साथ न्यूजीलैंड के बल्लेबाज के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। इसके अलावा भारत के खिलाफ कम से कम 500 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाजों में मिशेल का औसत सबसे ज्यादा है। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के जॉर्ज बेली (74), दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज गैरी कर्स्टन (62.6) और जैक्स कैलिस (61.4) और ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा (59.9) हैं।

मिशेल ने तीन पारियों में 176.00 की औसत से कुल 352 रन बनाए हैं, इस सीरीज में उनका स्ट्राइक रेट 110 से ज़्यादा रहा है, जिसमें दो शतक, एक अर्धशतक और बेस्ट स्कोर 137 है। वह इस सीरीज़ में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और तीन मैचों की वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। कुल मिलाकर पाकिस्तान के बाबर आजम (2016 में वेस्ट इंडीज़ के खिलाफ 360 रन) और शुभमन गिल (2023 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ 360 रन) उनसे आगे हैं।

मैच की बात करें तो भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (3/63) और हर्षित राणा (3/84) की बदौलत भारत ने कीवी टीम को 58/3 पर मुश्किल में डाल दिया था लेकिन मिशेल और फिलिप्स ने 219 रनों की साझेदारी करके जबरदस्त पलटवार किया और शतक बनाए। कप्तान माइकल ब्रेसवेल (18 गेंदों में 28*, जिसमें एक चौका और तीन छक्के शामिल हैं) और क्रिश्चियन क्लार्क (पांच गेंदों में 11 रन, जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल है) ने हैं को 50 ओवर में 337/8 तक पहुंचाया।



# लिन चुन यी और आन से यंग बने इंडिया ओपन चैंपियन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीनी ताइपे के लिन चुन यी ने रविवार को यहां 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल में अपना पहला सुपर 750 खिताब जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने महिला एकल का खिताब जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

वर्तमान में विश्व में 12वीं रैंकिंग पर काबिज 26 वर्षीय लिन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को 21-10, 21-18 से हराकर पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया। महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आन से यंग ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए चीन की विश्व में नंबर दो खिलाड़ी वांग झियी को 21-13, 21-11 से हराकर सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता।

युगल स्पर्धा में लियू शेंगशु और टैन निंग की चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला जोड़ी ने 58 मिनट तक चले महिला युगल फाइनल में जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त युकी फुकुशिमा और सायका मात्सुमोतो पर 21-11, 21-18 से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल का ताज थाईलैंड के तीसरी वरीयता प्राप्त डेचापोल पुवारानुक्रोह और सुपिसरा पेवसम्प्रान को मिला, जिन्होंने डेनमार्क के माथियास क्रिस्टियनसेन और एलेक्जेंड्रा बोजे को 19-21, 25-23, 21-18 से हराया।

# आयरलैंड बोर्ड ने आईसीसी से कहा, बांग्लादेश से विश्वकप मैचों का ग्रुप बदलने तैयार नहीं

**दुबई (एजेंसी)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से भारत में अपने विश्वकप मैच खेलने के इंकार करते हुए किसी अन्य देश में ये मैच कराने की अपील की थी जिसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ठुकरा दिया था। वहीं इसके बाद बीसीबी ने आईसीसी से अपील की थी कि उसके ग्रुप को आयरलैंड के साथ बदल दिया जाये पर यहां भी उसे झटका लगा है क्योंकि आयरलैंड बोर्ड ने आईसीसी से साफ कहा दिया है कि वह ग्रुप बदलने को तैयार नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट आयरलैंड (सीआई) ने कहा है कि आईसीसी उनके मैचों को श्रीलंका से बाहर नहीं रखे।

सीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'आईसीसी ने हमसे साफ कहा है कि कार्याक्रम में बदलाव नहीं होगा। हम अपने ग्रुप स्तर के मैच श्रीलंका में ही खेलेंगे।'

गौरतलब है कि टी20 विश्वकप 2026 में आयरलैंड ग्रुप बी में है, जिसमें उसे ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और ओमान के साथ रखा गया हैं। आयरलैंड को अपने सभी ग्रुप स्तर के मैच मैच श्रीलंका में खेलने हैं। इसमें पहले तीन मैच कोलंबो जबकि अंतिम पालेकेले में खेला जाएगा। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश करे ग्रुप सी में रखा गया है। जिसमें इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, नेपाल और इटली की टीमें शामिल हैं। बांग्लादेश को कोलकाता में तीन और मुंबई में एक मैच खेलना है।

बीसीबी ने आईसीसी से अनुरोध किया कि उसकी टीम को ग्रुप सी में आयरलैंड के साथ बदल दिया जाए जिससे वह भारत की जगह श्रीलंका में अपने मैच खेल सके। वहीं आईसीसी की दो सदस्यीय टीम, जिसमें गौरव सक्सेना (जनरल मैनेजर, इवेंट्स एंड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) और एंड्रयू एफग्रेव (जनरल मैनेजर, इंटीग्रिटी यूनिट) शामिल थे, ने बीसीसी को मूल कार्यक्रम में ही बने रहने को लेकर समझाया।

# बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए महिला क्रिकेट टीम घोषित की

## फुलमाली, श्रेयंका की वापसी, कमलिनी और वैष्णवी पहली बार शामिल

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले माह होने वाली टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। 15 फरवरी से होने वाले इस दौरे में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में 3 टी20 और इतने ही एकदिवसीय मैच खेलेगी। इसके अलावा दौनो ही टीमें एक टेस्ट भी खेलेंगी। टेस्ट टीम की घोषणा अभी नहीं हुई है। इस दौरे से दोनो ही टीमों का टी20 विश्वकप की तैयारी का भी अच्छा अनुभव मिलेगा। इस दौरे में नये खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। टी20 टीम में भर्ती फुलमाली की वापसी है हुई है। फुलमाली को साल 2019 के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किय गयाहै। इसके अलावा युवा ऑफ-स्पिनर श्रेयांका पाटिल को भी टीम में जगह मिली है। वहीं एकदिवसीय दल में भी युवाओं को अवसर मिले है। 17 साल की विकेटकीपर जी कमलिनी और स्पिनर वैष्णवी शर्मा को पहली बार टीम में जगह मिली है। इसके अलावा काशवी गौतम को भी शामिल किया गया है पर अरुंधति रेड्डी को एकदिवसीय व रधा यादव को एकदिवसीय के अलावा टी20 प्रारुप में भी शामिल नहीं किया गया है। हरलीन देओल को एकदिवसीय टीम में बनाये रखा गया है पर उन्हें टी20 से बाहर कर दिया गया है।



**टी20 टीम इस प्रकार है**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, भर्ती फुलमाली, श्रेयांका पाटिल।

**एकदिवसीय**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), काशवी गौतम, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल।

# अब अगले छह बाद ही खेलते दिखेंगे विराट और रोहित

राजकोट । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली अब अगले छह महीने बाद ही अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलते हुए दिखेंगे । इसका कारण ये है कि ये दोनो ही अब केवल एकदिवसीय में ही खेलते है । वहीं भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के छह माह बाद ही एकदिवसीय प्रारुप में खेलने उतरेगी । साल 2026 टी20 विश्व कप और 2026 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद ही भारतीय टीम को अब एकदिवसीय सीरीज खेलनी है । तब तक के लिए विराट और रोहित को भी आराम मिल गया है । अब जून में अफगानिस्तान की टीम तील एकदिवसीय मैचों की सीरीज के लिए भारत दौरे पर पहुंचेगी । तभी विराट और रोहित के पास मैदान में उतरने का अवसर रहेगा हालांकि ये भी देखना होगा कि इन दोनो को इस सीरीज के लिए शामिल किया जाता है या नहीं । वहीं अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी । यहां भी 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज होनी है । इसके बाद भारतीय टीम को सितंबर में बांग्लादेश जाना है हालांकि दोनो देशों के बीच तनावपूर्ण हालातों को देखते हुए ये दौरा शायद ही हो पाये । सितंबर में ही भारतीय टीम वेस्टइंडीज का दौरा करेगी जहां 3 मैचों एकदिवसीय सीरीज होगी । इसके बाद अक्टूबर–नवंबर में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड जाना है ।



# आर्यना सबालेंका ने फेडरर और रॉड लेवर के साथ 'परफेक्ट' सेल्फी ली



मेलबर्न । अपने 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन कैंपेन की शुरुआत करने के लिए आर्यना सबालेंका ने वेन्यू पर टिएंट्सोआ राकोतोमंगा राजाओना पर 6–4, 6–1 से जीत के लिए दो बहुत खास मेहमानों को बुलाया था । वे मेहमान 20 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोजर फेडरर और खुद रॉड लेवर। सबालेंका जानती थीं कि उन्हें उस ऑस्ट्रेलियन लेजेंड और 11 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के सामने एक मजबूत परफॉर्मेंस देनी होगी, जिनके नाम पर उस कोर्ट का नाम रखा गया है । उन्हें यह भी पक्का पता था कि वे मौजूद हैं, क्योंकि उन्हें वीडियो स्क्रीन पर हाइलाइट किया गया था और वे फ्रंट रो में भी बैठे थे । सबालेंका ने मुस्कुराते हुए रिपोर्ट्स से कहा, 'मैं बहुत बड़ी फैन हूं । पूरे मैच में मैं खुद से कह रही थी 'प्लीज़, वहां मत देखो । मत देखो ।' यह अविश्वसनीय है, मैंने कभी नहीं सोचा था कि रोजर फेडरर और रॉड लेवर मेरे मैच की पहली रो में बैठेंगे। यह अविश्वसनीय है। 'मैं बस अपने गेम से रोजर को इम्प्रेस करना चाहती थी । मैं बस ट्वीनर नहीं कर पाई, लेकिन कोई बात नहीं । अगली बार ।' कोर्ट पर मैच के बाद अपने इंटरव्यू में, सबालेंका ने एक आसान सी रिक्वेस्ट की : 'मैं बहुत बड़ी फैन हूं दोस्तों, क्या मैं आपके साथ एक फोटो ले सकती हूं प्लीज ।' सबालेंका अपना एक्साइटमेंट छिपा नहीं सकीं । उन लीजेंड्स ने उनकी बात मान ली और वर्ल्ड नंबर 1 को परफेक्ट फोटो मिल गई ।

# इंडिया ओपन में मैच के दौरान गिरा मलबा, बाल-बाल बची महिला खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे इंडिया ओपन सुपर 750 में महिलाओं के युगल सेमीफाइनल के दौरान कोर्ट नंबर 1 पर मलबा गिरने के बाद खेल को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। इसके बाद इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच की जा रही है।

यह घटना शनिवार को टॉप सीडेड चीनी जोड़ी लियू शेंगशु और टैन निंग और छठी सीडेड दक्षिण कोरियाई जोड़ी बेक हा ना और ली सो ही के बीच सेमीफाइनल के दौरान हुई। जब लियू पहले गेम में 6-3 पर सर्व करने की तैयारी कर रही थीं, तो ऊपर से मलबा खेलने की सतह पर गिर गया जिससे तुरंत खेल रोकना पड़ा। लियू ने अविश्वास के साथ मुस्कुराते हुए चेयर अंपायर की ओर इशारा किया जबकि चिंतित दोनों जोड़ियां कोर्ट से बाहर चली गईं।

चेयर अंपायर ने सफाईकर्मियों को बुलाया और खेल फिर से शुरू होने से पहले सफाई में कई मिनट लगे। इस घटना ने टूर्नामेंट स्थल की जांच को और तेज कर दिया है, क्योंकि पहले से ही खिलाड़ियों ने परिसर में स्वच्छता और समग्र बुनियादी ढांचे को लेकर आलोचना की जा रही है।

सप्ताह की शुरुआत में कई एथलीटों ने कोर्ट पर पक्षियों की बीट, गैर-खेल क्षेत्रों में गंदगी और स्टेडियम परिसर के अंदर आवारा जानवरों की उपस्थिति के बारे में चिंता जताई थी। कथित तौर पर दर्शक दीर्घाओं में बंदर भी देखे गए जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गईं। हवा की गुणवत्ता एक और प्रमुख चर्चा का विषय रही है, कुछ खिलाड़ियों को दिल्ली की सर्दियों की धुंध और ठंडी परिस्थितियों से जूझना पड़ा।

डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट उन लोगों में से थीं जिन्होंने असुविधा व्यक्त की, प्रदूषण और निम्न-मानक परिवेश के संयोजन को प्रदर्शन और रिकवरी को प्रभावित करने वाले कारकों के रूप में बताया। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) ने बाद में फीडबैक को स्वीकार किया जिसमें कहा गया कि धुंध और ठंड जैसे मौसमी कारक चुनौतियां पेश करते हैं लेकिन इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स परिसर पिछले केडी जाधव स्टेडियम की तुलना में एक महत्वपूर्ण अपग्रेड था।

BWF ने यह भी कहा है कि बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (BAI) ने मुद्दों को उठाए जाने के बाद सफाई, स्वच्छता और पशु नियंत्रण में सुधार सहित सुधारात्मक उपाय किए हैं। आश्वासनों के बावजूद शनिवार की घटना ने भारत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन आयोजनों में से एक में तैयारियों और मानकों पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं, विशेषकर जब नई दिल्ली इस साल के आखिर में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला है।




# डोमिनेंट वेदांता कलिंगा लांसर्स ने एसजी पाइपर्स को 6–1 से हराया



भुवनेश्वर । वेदांता कलिंगा लांसर्स ने शनिवार को एसजी पाइपर्स पर 6–1 की शानदार जीत के साथ पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग (HIL) के भुवनेश्वर लेग की शुरुआत की । आज यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेलते हुए, लांसर्स ने अपनी जीत का सिलसिला पांच मैचों तक बढ़ा दिया, जिससे यह साबित हो गया कि इस सीजन में उन्हें हराना मुश्किल है । बॉबी सिंह धामी को शानदार प्रदर्शन के लिए के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिसने पूरी शाम पाइपर्स के डिफेंस को बैकफुट पर रखा । मैच में कूपर बर्न्स ने (आठवें', 23वें) और अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने (39वें, 56वें) मिनट में दो–दो गोल किए, जबकि क्रेग माराइस ने (10वें) और अंगद सिंह ने (54वें) मिनट में एक–एक गोल करके जीत को पक्का किया । केवाई विलियट ने पाइपर्स के लिए एकमात्र गोल किया । मैच की शुरुआत में लांसर्स ने गेंद पर कंट्रोल रखा और आत्मविश्वास के साथ गेंद को आगे बढ़ाया । यह दबाव 8वें मिनट में रंग लाया जब कूपर बर्न्स ने गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई । सिर्फ दो मिनट बाद, एक शानदार पासिंग सीक्वेंस ने क्रेग माराइस को बढ़त को दोगुना करने का मौका दिया । हालांकि, पाइपर्स ने लगभग तुरंत जवाब दिया । 11वें मिनट में, कप्तान जरमनप्रीत सिंह ने केवाई विलियट को पास दिया, जिन्होंने शानदार फिनिश करके स्कोर 2–1 कर दिया । पाइपर्स को देर से एक पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद, लांसर्स का डिफेंस मजबूत बना रहा और पहले क्वार्टर के अंत में बढ़त बनाए रखी ।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत रहेगा मजबूत दावेदार : दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का मानना है कि डिफेंडिंग चैंपियन भारत आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में एक बार फिर मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगा। टीम की गहराई, आक्रामक खेलने की शैली और घरेलू परिस्थितियों में शानदार रिकॉर्ड को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कार्तिक ने कहा कि भारत को अपने घर में हराना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। टूर्नामेंट शुरू होने में एक महीने से भी कम समय बचा है और यह प्रतियोगिता 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेली जाएगी।

एक चैनल से बातचीत में दिनेश कार्तिक ने कहा कि भारतीय क्रिकेट की सबसे बड़ी विशेषता उसकी बेंच स्ट्रेंथ है। उनके मुताबिक भारत ऐसी स्थिति में है कि वह लगभग दो मजबूत टीमें उतार सकता है। कार्तिक ने यह भी कहा कि मौजूदा भारतीय टीम काफी हद तक नई है, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल नहीं हैं, लेकिन सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में युवा टीम ने बेहद आक्रामक और प्रभावशाली क्रिकेट खेला है। वहीं पूर्व वेस्टइंडीज क्रिकेटर इयान बिशप ने भी भारत की तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि डिफेंडिंग चैंपियन होना अपने आप में दबाव जरूर लाता है, लेकिन अगर तैयारी सही हो तो यह एक बड़ा फायदा बन सकता है। बिशप के अनुसार, इतिहास हमेशा निर्णायक नहीं होता, लेकिन भारत ने पिछले वर्ल्ड कप के बाद जिस तरह की तैयारी की है, उससे उसे बढ़त जरूर मिलेगी। उन्होंने यह भी चेताया कि फरवरी-मार्च के दौरान भारत और श्रीलंका में ओस एक बड़ा फैक्टर साबित हो सकती है, जो मैच का रुख बदलने में अहम भूमिका निभाती है।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने टी20 क्रिकेट की लोकप्रियता पर बात करते हुए कहा कि यह फॉर्मेट दुनिया भर में तेजी से पसंद किया जा रहा है। उनके अनुसार, टी20 वर्ल्ड कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं बल्कि एक बड़ा मंच है, जहां दबाव में प्रदर्शन करके खिलाड़ी खुद को वैश्विक स्तर पर साबित करते हैं। ग्रुप ए में भारत को पाकिस्तान, यूएसए, नीदरलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया है। भारत 7 फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में यूएसए के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जबकि पाकिस्तान से उसका बहुप्रतीक्षित मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाएगा।

# तीसरे एकदिवसीय के लिए बेहद महंगा वाटरप्यूरीफायर लेकर इंदौर आये हैं शुभमन

इंदौर । भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज यह यहां के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले तीसरे व अंतिम एकदिवसीय मैच के लिए प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है । दोनो ही टीमें इस मैच के लिए पूरी तरह से तैयार हैं । सीरीज में दोनो ही टीमें 1–1 से बराबरी पर होने के कारण इस मैच में कड़े मुकाबले की संभवना है । इस बार मैच में खेल से अधिक खिलाड़ी पानी को लेकर सावधानी बरत रहे हैं क्योंकि हाल में यहां कई लोगों की खराब पानी पीने से मौत हुई है । इसी को देखते हुए भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल एक महंगा वॉटर प्यूरीफायर लेकर पहुंचे । इसकी खासियत ये है कि ये सादे पानी को ही नहीं, बल्कि आरओ और पैकेज्ड वॉटर को भी पूरी तरह से साफ बना देता है जिससे किसी प्रकार के संक्रमण का खतरा नहीं रहता हालाकि भारती टीम इंडिया जिस शहर में रुकती है वह शीर्ष स्तर का होता है । शुभमन इसके बाद भी कोई जोखिम लेकर नहीं लेना चाहते हैं । भारतीय टीम के साथ हमेशा एक रसोईया भी रहता है, जो अलग–अलग खिलाड़ियों की डाइट के अनुसार खाना तैयार करता है । खिलाड़ियों को अच्छी डाइट उनके अच्छी फिटनेस के लिए मिले, इसके लिए बीसीसीआई हर मैच के लिए एक रसोईया भेजती है, जो होटल में ही रहकर खिलाड़ियों के लिए खाना तैयार करते हैं । इससे साफ होता है कि जितने खिलाड़ी अपनी सेहत को लेकर सजग रहते हैं, उतना ही भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) भी खिलाड़ियों का सहयोग करती है ।



# भारत का फीफा विश्व कप खेलने का सपना अब भी जीवंत है: अनुभवी डिफेंडर आशालता देवी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला फुटबॉल की दिग्गज खिलाड़ी आशालता देवी का कहना है कि फीफा महिला विश्व कप में देश को खेलते हुए देखने का सपना अब भी जीवंत है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ अंतर को पाटने के लिए जमीनी स्तर पर निरंतर प्रगति महत्वपूर्ण है।

आशालता ने पीटीआई वीडियो से कहा, 'विश्व कप में खेलने का हमारा सपना अभी भी जीवित है। हमें इस समय और भी ज्यादा मेहनत करनी होगी।' इस अनुभवी डिफेंडर ने कहा कि तीनों राष्ट्रीय टीमें अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर टीम एएफसी एशियाई चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, जिससे 2026 भारत में महिला फुटबॉल के लिए एक निर्णायक वर्ष साबित हो सकता है।

उन्होंने कहा, 'अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर टीम पहले ही एएफसी (प्रतियोगिताओं) के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। अगर हम वहां अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो जाहिर है कि विश्व कप का हमारा सपना पूरा हो सकता है। हमारा यह सपना अभी भी जीवित है।' भारत की तरफ से 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली आशालता ने कहा कि सीनियर टीम लगातार अच्छी प्रगति कर रही है लेकिन अभी वह विश्वस्तरीय मानकों से काफी पीछे है। उन्होंने कहा, ''हम लंबे समय से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन फिर भी विश्वस्तरीय मानकों तक नहीं पहुंचे हैं। मुझे खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहेंगे।'

आशालता ने कहा कि खेल की जमीनी स्तर पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'समस्या यह है कि हम बुनियादी बातों को छोड़ देते हैं और सीधे तकनीकी पहलुओं पर चले जाते हैं। मैंने 13 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया था। अब कई खिलाड़ी 10 या 11 साल की उम्र में शुरू करते हैं। लेकिन अगर हम 5-6 साल की उम्र में शुरू करें तो खेल की बारीकियां अच्छी तरह से सीख सकते हैं।'

# भारतीय बाजार में पहली कार उतारने जा रही जेएसडब्ल्यू

**नई दिल्ली ।**



जेएसडब्ल्यू कंपनी चीन की चेरी ऑटोमोबाइल के साथ मिलकर अपनी पहली कार भारतीय बाजार में उतारने जा रही है। जेटूर चेरी ऑटोमोबाइल का प्रीमियम ब्रांड है, जिसे 2018 में लॉन्च किया गया था और यह मुख्य रूप से एसयूवी और क्रॉसओवर सेगमेंट पर फोकस करता है। यह कार जेटूर टी2 आई-डीएम प्लग-इन हाइब्रिड एसयूवी होगी, जिसे एक नए जेएसडब्ल्यू ब्रांड नाम के तहत बेचा जाएगा। जेटूर टी2 का डिजाइन काफी हद तक लैंड रोवर डिफेंडर से प्रेरित माना जा रहा है। भारत में जेएसडब्ल्यू पेट्रोल वर्जन के बजाय इसका जेएसडब्ल्यू यानी प्लग-इन हाइब्रिड वर्जन पेश करेगा, जिससे इसे प्रीमियम और टेक्नोलॉजी-फोकस्ड पोजिशनिंग मिलेगी। डाइमेंशन की बात करें तो जेटूर टी2 आई-डीएम की लंबाई 4,785 एमएम, चौड़ाई 2,006 एमएम और ऊंचाई 1,875 एमएम है, जबकि इसका व्हीलबेस 2,800 एमएम है। यह 5-सीटर एसयूवी मोनोकॉक फ्रेम पर आधारित है और बॉक्सी, दमदार रोड प्रेजेंस देती है। सबसे अहम बात यह है कि जेटूर टी2 आई-डीएम की अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपये हो सकती है, जिससे यह भारत की सबसे अफॉर्डेबल पीएचईवी बन सकती है। फिलहाल भारतीय बाजार में पीएचईवी विकल्प ज्यादातर लग्जरी सेगमेंट तक ही सीमित हैं।

फास्ट चार्जिंग के जरिए 30 मिनट में 30 से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। जेटूर टी2 आई-डीएम को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में जेएसडब्ल्यू की नई ग्रीनफील्ड फैसिलिटी में लोकली असेंबल किया जाएगा और इसके 2026 के फेस्टिव सीजन तक लॉन्च होने की उम्मीद है। इस एसयूवी में 1.5-लीटर प्लग-इन हाइब्रिड पावरट्रेन दिया गया है, जो 156 पीएस की पावर और 220 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है।

इसमें 26.7 केडब्ल्यूएच की बैटरी दी गई है, जो 130 किमी (एनईडीसी) की प्योर इलेक्ट्रिक रेंज देती है।

## 1000 रुपए के पार जा सकता है जस्ट डायल का शेयर

**- रिलायंस रिटेल के पास 63.84 फीसदी हिस्सेदारी, टारगेट प्राइस 1,060 रुपये तक**

**मुंबई ।** शेयर बाजार में मुकेश अंबानी की कंपनियों से जुड़ा कोई भी स्टॉक निवेशकों के बीच खास आकर्षण रखता है। ऐसी ही एक कंपनी है जस्ट डायल लिमिटेड, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) की बड़ी हिस्सेदारी है। शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार रिलायंस रिटेल के पास जस्ट डायल के 5,42,89,574 शेयर यानी 63.84 फीसदी हिस्सेदारी है। इस तरह कंपनी का नियंत्रण पूरी तरह मुकेश अंबानी समूह के पास है। वर्तमान में जस्ट डायल का शेयर 718.50 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है। बीते शुक्रवार को इंट्रा-डे में शेयर 749 रुपये तक पहुंच गया था। स्टॉक का 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर 1,049.85 रुपये है। ब्रोकरेज फर्म जेएम फाइनेंशियल ने स्टॉक पर अपनी बाय रेटिंग बरकरार रखी है और इसका नया टारगेट प्राइस 1,060 रुपये तय किया है, जो पहले के 1,050 रुपये से थोड़ा अधिक है।` वित्त वर्ष 26-28 के लिए ब्रोकरेज ने रेवेन्यू अनुमानों में मामूली बदलाव किया है, जबे कि ऐ बिडा मार्जिन के अनुमान में 37-71 बेसिस पॉइंट्स की बढ़ोतरी की है। वहीं सिटी ब्रोकरेज ने भी स्टॉक पर बाय रेटिंग बनाए रखी है, लेकिन लगातार ट्रैफिक में गिरावट के चलते वैल्यूएशन मल्टीपल को 12 गुना से घटाकर 10 गुना कर दिया है। सिटी का टारगेट प्राइस 1,000 रुपये है। दिसंबर तिमाही में जस्ट डायल का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 10.2 फीसदी घटकर 117.9 करोड़ रुपये रहा।

## एफपीआई ने जनवरी में शेयर बाजार से निकाले 22,530 करोड़




**नई दिल्ली ।** अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि और डॉलर की मजबूती के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी 2026 के पहले 16 दिनों में भारतीय शेयरों से 22,530 करोड़ रुपए से अधिक निकाले। यह बिकवाली 2025 में दर्ज की गई 1.66 लाख करोड़ रुपए की कुल निकासी के बाद एक और बड़ी प्रवृत्ति है। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिकी बॉन्ड का बढ़ा हुआ रिटर्न और मजबूत डॉलर निवेशकों को विकसित बाजारों की ओर आकर्षित कर रहा है। इसके अलावा वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका, मुद्रा की अस्थिरता और भारतीय शेयरों के ऊँचे मूल्यांकन ने बिकवाली को और तेज किया। एफपीआई की लगातार बिकवाली के दबाव ने 2025 में रुपये को डॉलर के मुकाबले लगभग 5 फीसदी कमजोर कर दिया। सेंट्रिसिटी वेल्थटेक के एक अे धिकारी ने कहा कि भू-राजनीतिक और व्यापार संबंधी अनिश्चितताएं उभरते बाजारों में निवेशकों के जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित कर रही हैं।

## भारत का वाहन निर्यात 2025 में 24 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24 फीसदी बढ़कर 63.25 लाख इकाई हो गया, जो 2024 में 50.98 लाख इकाई था। यात्री वाहनों का निर्यात 16 फीसदी बढ़कर 8.63 लाख इकाई हुआ। इसमें यात्री कारों का निर्यात 3 फीसदी और उपयोगिता वाहनों का निर्यात 32 फीसदी बढ़ा। दोपहिया वाहनों का निर्यात भी 24 फीसदी बढ़कर 49.39 लाख इकाई हो गया। मोटरसाइकिल का निर्यात 27 फीसदी और स्कूटर का 8 फीसदी बढ़ा। तिपहिया वाहनों का निर्यात 43 फीसदी और वाणिज्यिक वाहनों का 27 फीसदी बढ़ा। मारुति सुजुकी 3.95 लाख इकाई के निर्यात के साथ अग्रणी रही। पश्चिम एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में मांग स्थिर रही।

## एडलवाइस लाइफ का अगले 2-3 वर्षों में दहाई अंकों में वृद्धि का लक्ष्य

**नई दिल्ली ।** एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा कि कंपनी अगले 2-3 वर्षों में 12-16 फीसदी की दहाई अंकों में वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रही है और वित्त वर्ष 2026-27 तक घाटे से उबर जाएगी। उन्होंने बताया कि कंपनी लगभग 14 साल पुरानी है और 2017-18 के बाद ही असली वृद्धि देखी गई। उन्होंन कहा कि शुरुआत में कंपनी मुख्यतः एक-चैनल पर निर्भर थी, जबकि अब मालिकाना और साझेदारी चैनल लगभग 50-50 प्रतिशत योगदान देते हैं। यह संतुलन उत्पाद मिश्रण और दीर्घकालिक व्यवसाय रणनीति में भी दिखता है। कंपनी` वित्त वर्ष 2025-26 में 650 करोड़ रुपये का नया व्यवसाय और कुल 2,400 करोड़ रुपये प्रीमियम आय का लक्ष्य रख रही है। उन्होंने यह भी बताया` कि वर्तमान चुकता पूंजी लगभग 2,800 करोड़ रुपये है और अगले 2-3 वर्षों में विस्तार के दौरान यह पूंजी समर्थन जारी रहेगा।

## इंजीनियर्स इंडिया अफ्रीका की डांगोटे रिफाइनरी का विस्तार करेगी

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) ने नाइजीरिया में डांगोटे रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परिसर के विस्तार के लिए 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का अनुबंध हासिल किया है। कंपनी इस परियोजना में परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) और ईपीसीएम सलाहकार के रूप में कार्य करेगी। कंपनी पहले भी डांगोटे ग्रुप के लिए रिफाइनरी निर्माण के समय ईपीसीएम सलाहकार थी। अब कंपनी को रिफाइनरी के विस्तार कार्य के लिए पुनः नियुक्त किया गया है। डांगोटे रिफाइनरी की वर्तमान क्षमता 6.5 लाख बैरल प्रतिदिन है, जिसे विस्तार के बाद 14 लाख बैरल प्रतिदिन किया जाएगा। यह अनुबंध ईआईएल की विश्व स्तरीय ऊर्जा परियोजनाओं में भूमिका को और मजबूत करता है।

## लग्ज़री कारों पर आयात शुल्क को तर्कसंगत बनाया जाए- मर्सिडीज

**पुणे ।** मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रमुख अे धिकारी ने कहा है कि आयातित लग्ज़री कारों पर मौजूदा उच्च सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाने से प्रीमियम खंड में मांग बढ़ सकती है जिससे सरकार का कुल कर राजस्व भी बढ़ेगा। वर्तमान में 40,000 डॉलर से कम कीमत वाली आयातित कारों पर 70 फीसदी और 40,000 डॉलर से अधिक कीमत वाली कारों पर 110 फीसदी प्रभावी सीमा शुल्क लागू है। उनका सुझाव है कि इसे एक ही स्लैब में लाया जाए, जिससे कीमतें स्थिर रहें और बिक्री प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि स्थिर व्यापक आर्थिक नीति और रुपये में गिरावट को रोकने वाला बेहतर राजकोषीय प्रबंधन भी कंपनियों के लिए सहायक होगा। उन्होंने जीएसटी सुधारों का उदाहरण देते हुए कहा कि सीमा शुल्क में भी इसी तरह सुधार होना चाहिए।

## एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 31 करोड़ व इंफो सिस का 39 करोड़ बढ़ा

**- आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण में भी बढोतरी, अन्य सात कंपनियों को नुकसान**




**मुंबई ।**

बीएसई की शीर्ष 10 कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इंफोसिस के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह जबरदस्त तेजी देखी गई। सार्वजनिक क्षेत्र के एसबीआई का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) एक सप्ताह में 39,046 करोड़ रुपये बढ़ा। वहीं आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इंफोसिस का एमकैप 31,015 करोड़ रुपये बढ़ गया। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी 5,795 करोड़ रुपये बढ़ा, जिससे इन बैंकों और आईटी कंपनियों की मजबूती का संकेत मिला। शीर्ष 10 कंपनियों में शामिल अन्य सात कंपनियों को बाजार पूंजीकरण के मामले में नुकसान उठाना पड़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 23,952 करोड़ रुपये और निर्माण एवं अभियांत्रिकी क्षेत्र की एलएंडटी का 23,502 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 11,615 करोड़ रुपये गिर गया। इसी तरह, भारती एयरटेल का 6,443 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का 6,254 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण एमकैप 3,313 करोड़ रुपये कम हुआ, जबकि टीसीएस का 470 करोड़ रुपये घटा।

बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे आगे है, जिसका कुल बाजार पूंजीकरण 19,72,493 करोड़ रुपये है। एचडीएफसी बैंक 14,32,535 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और टीसीएस 11,60,212 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है।

# वैश्विक संकेत और कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**अमेरिकी आर्थिक आंकड़े, बेरोजगारी के दावे और पीएमआई पर आधारित आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे**

**मुंबई ।**




भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह विभिन्न कारकों से प्रभावित होगा, जिनमें प्रमुख तिमाही नतीजे, वैश्विक आर्थिक आंकड़े, और भू-राजनीतिक घटनाक्रम शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन सभी फैक्टर्स के आधार पर निवेशकों का रुख तय होगा। इस सप्ताह बड़ी कंपनियों के तिमाही परिणाम बाजार की दिशा तय करेंगे। शुरुआती दौर में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख दिग्गजों के नतीजे निवेशकों का ध्यान आकर्षित करेंगे। इसके बाद बीएचईएल, एलटीआईमाइंडट्री, पीएनबी, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस जैसे अन्य महत्वपूर्ण कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी बाजार की प्रतिक्रियाएं देखी जाएंगी। अमेरिकी आर्थिक आंकड़े, जैसे कि जीडीपी वृद्धि दर, बेरोजगारी के दावे और पीएमआई (प्रचालनात्मक गतिविधि) पर आधारित आंकड़े भी इस सप्ताह भारतीय बाजार को प्रभावित कर सकते हैं।

इन आंकड़ों से वैश्विक बाजार की धारणा और मुद्रा की गति पर असर पड़ेगा, जिससे भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

निवेशक इस सप्ताह भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी विशेष ध्यान देंगे। यदि कोई महत्वपूर्ण घटनाएं घटित होती हैं, तो इसका असर बाजार पर पड़ सकता है।

आम बजट के नजदीक आने से विभिन्न क्षेत्रों में बजट-पूर्व उम्मीदें हलचल पैदा कर सकती हैं। विशेष रूप से बैंकिंग, ऊर्जा, और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर इस हफ्ते अधिक गतिविधि हो सकती है।

## अदाणी सोलर वुड मैकेंजी की वैश्विक सौर मॉड्यूल सूची में 8वां स्थान पर

**- 'श्रेणी ए' रेटिंग के साथ कंपनी ने वैश्विक स्तर पर प्रदर्शन और पारदर्शिता में दिखाई उत्कृष्टता**

नई दिल्ली।

अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) की सौर फोटोवोल्टिक इकाई, अदाणी सोलर, को वुड मैकेंजी की 2025 की पहली छमाही की वैश्विक सौर मॉड्यूल विनिर्माण सूची में शामिल किया गया। कंपनी को 8वां स्थान और 'श्रेणी ए' वर्गीकरण प्राप्त हुआ। रिपोर्ट के अनुसार अदाणी सोलर ने 81 अंक हासिल किए, जबकि जेए सोलर और ट्रिनासोलर ने क्रमशः 91.7 और 91.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान साझा किया। वुड मैकेंजी विनिर्माताओं का मूल्यांकन 10 मानदंडों पर करता है, जिसमें तीसरे पक्ष के विश्वसनीयता परीक्षण, वित्तीय स्वास्थ्य, विनिर्माण रिकॉर्ड और पेटेंट गतिविधि शामिल हैं। 'श्रेणी ए' रेटिंग का अर्थ है कि कंपनी उच्चतम प्रदर्शन और पारदर्शिता के मानकों को पूरा करती है। यह उपलब्धि अदाणी सोलर की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती और भरोसेमंद सौर पैनल निर्माण क्षमता को दर्शाती है। विश्लेषकों के अनुसार, यह रैंकिंग भारत में सौर ऊर्जा उद्योग की बढ़ती स्थिति और निरंतर नवाचार की पुष्टि करती है।

# तेल-तिलहन बाजार में मजबूती, सोयाबीन की कीमत में बढ़ोतरी

**- विदेशी बाजार मजबूत रहने, रुपए की गिरावट और जाड़े व शादी-विवाह के मौसम से भाव में तेजी**

**नई दिल्ली ।**

देश के तेल-तिलहन बाजार ने बीते सप्ताह मजबूती का रुख दिखाया। विदेशी बाजारों में सुधार, रुपये के कमजोर होने और जाड़े व शादी-विवाह के मौसम में बढ़ी मांग ने दामों को ऊंचा धकेला। विशेषज्ञों का कहना है कि सोयाबीन, सरसों, मूंगफली और सूरजमुखी में यह मजबूती घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर है। महाराष्ट्र में मांग बढ़ने और किसानों की बिक्री घटने के कारण सोयाबीन के दाम 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाए गए। हाजिर भाव लगभग 5,300 रुपए क्विंटल है, जबकि एमएसपी 5,328 रुपए क्विंटल है। सोयाबीन की बढ़ती मांग और आयात में कमी ने इसे बाजार में मजबूत बनाए रखा। सरसों की पैदावार अच्छी रही, लेकिन उच्च दाम और आगामी खड़ी फसल के कारण उठाव सीमित रहा। मूंगफली और सूरजमुखी के दाम अभी भी एमएसपी से नीचे हैं। जाड़े में साबुत खाने वालों और उच्च गुणवत्ता वाले तेल की मांग से मूंगफली तेल में हल्का सुधार देखा गया। सरकार ने पाम तेल का आयात शुल्क 41 रुपये क्विंटल और सोयाबीन डीगम का आयात शुल्क 24 रुपये क्विंटल बढ़ाया। रुपये के कमजोर होने से आयातित तेल महंगा हुआ, जिससे घरेलू दाम मजबूती पाई। बीते सप्ताह सरसों दाना 85 रुपये के सुधार के साथ 7,025-7,075 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 175 रुपये के सुधार के साथ 14,550 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 25-25 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,435-2,535 रुपये और 2,435-2,580 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 290-290 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 5,400-5,450 रुपये और 5,100-5,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 200 रुपये के सुधार के साथ 14,150 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 150 रुपये के सुधार के साथ 13,700 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 200 रुपये के सुधार के साथ 11,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली तिलहन 100 रुपये के सुधार के साथ 6,675-7,050 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 300 रुपये के सुधार के साथ 16,100 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 45 रुपये के सुधार के साथ 2,575-2,875 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए।

# एचडीएफसी बैंक का मुनाफा दिसंबर तिमाही में बढ़कर 18,654 करोड़ पहुंचा

**– मुनाफे और डिपॉजिट में अच्छी ग्रोथ, ब्याज मार्जिन पर हल्का दबाव**




**नई दिल्ली ।**

देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक एचडीएफसी बैंक ने दिसंबर 2025 तिमाही के नतीजे जारी कर` दिए हैं। नतीजों में बैंक के प्रदर्शन में मजबूती दिखी है। तिमाही के दौरान बैंक का मुनाफा बढ़कर 18,654 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 16,736 करोड़ रुपये था। इस तरह साल-दर-साल आधार पर मुनाफे में करीब 11.5 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम (एनआईआई) भी इस तिमाही में बढ़कर 32,620 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो पिछले साल 30,650 करोड़ रुपये थी। इसमें 6.4 फीसदी की वृद्धि हुई। हालांकि, ब्याज मार्जिन पर कुछ दबाव देखने को मिला। कुल एसेट्स पर नेट इंटरेस्ट मार्जिन 3.35 फीसदी और ब्याज कमाने वाली एसेट्स पर 3.51 फीसदी रहा। एचडीएफसी बैंक की लोन क्वालिटी स्थिर बनी रही। ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स घटकर 35,179 करोड़ रुपये रह गईं, जबकि पिछले साल यह 36,019 करोड़ रुपये थीं। जीएनपीए अनुपात भी सुधरकर 1.24 फीसदी हो गया, जो एक साल पहले 1.42 फीसदी था। नेट एनपीए 11,982 करोड़ रुपये रहा और इसका अनुपात 0.42 फीसदी पर आ गया। तिमाही के दौरान प्रोविजन और कंटिंजेंसी पर खर्च घटकर 2,840 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले साल के मुकाबले 10 फीसदी कम है। इसमें 1,040 करोड़ रुपये के कंटिंजेंट प्रोविजन की वापसी से भी राहत मिली। प्रोविजन को हटाकर देखें तो क्रेडिट कॉस्ट रेशियो 0.55 फीसदी रहा।

# चेटजीपीटी में आएंगे पहली बार विज्ञापन, अमेरिका में ट्रायल शुरू

**- फ्री और गो प्लान के यूज़र्स के लिए शुरू होगा सीमित विज्ञापन परीक्षण**

**नई दिल्ली।**

ओपनएआई ने घोषणा की है कि वह चेटजीपीटी में विज्ञापन को ट्रायल आधार पर पेश करने जा रहा है। यह परीक्षण फिलहाल केवल अमेरिका में रहने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए होगा। कंपनी के अनुसार विज्ञापन चैट के उत्तरों के ऊपर या नीचे दिखाई देंगे, लेकिन सीधे एआई के उत्तरों के अंदर शामिल नहीं किए जाएंगे। ओपनएआई ने साफ किया है कि विज्ञापन कभी भी चेटजीपीटी के जवाबों को प्रभावित नहीं करेंगे। कंपनी ने बताया कि विज्ञापन केवल वयस्क उपयोगकर्ताओं को ही दिखाए जाएंगे और वह भी तभी, जब चैट के विषय से जुड़ा कोई संबंधित स्पॉन्सर्ड उत्पाद या सेवा उपलब्ध होगी। 18 वर्ष से कम आयु के उपयोगकर्ताओं को किसी भी तरह के विज्ञापन नहीं दिखाए जाएंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और राजनीति जैसे संवेदनशील विषयों से जुड़े उत्तरों के आसपास विज्ञापन नहीं लगाए जाएंगे। ओपनएआई उपयोगकर्ताओं को यह सुविधा भी देगा कि वे जान सकें कि उन्हें कोई विशेष विज्ञापन क्यों दिखाया गया। कंपनी का कहना है कि यूज़र्स की निजता पूरी तरह सुरक्षित रहेगी और उनके चैट डेटा को विज्ञापनदाताओं के साथ साझा नहीं किया जाएगा। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने एक्स पर जानकारी दी कि यह विज्ञापन परीक्षण चेटजीपीटी के फ्री यूज़र्स और हाल ही में लॉन्च किए गए चेटजीपीटी गो प्लान (8 डॉलर प्रति माह) में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई लोग बिना सब्सक्रिप्शन के एआई टूल का इस्तेमाल करना चाहते हैं और विज्ञापन इस सुविधा को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। ओपनएआई आने वाले वर्षों में एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर पर एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक निवेश की योजना बना रहा है। कंपनी की सालाना आय 13 बिलियन डॉलर से अधिक बताई गई है। ओपनएआई का कहना है कि विज्ञापन, सब्सक्रिप्शन और एंटरप्राइज मॉडल के जरिए वह लागत और उपयोगकर्ता पहुंच के बीच संतुलन बनाना चाहता है। शुरुआती ट्रायल के बाद यूज़र्स की प्रतिक्रिया के आधार पर आगे की नीति तय की जाएगी।



# मैं मुस्लिम, रामायण हिंदू..

## AR Rehman ने रणबीर कपूर की फिल्म में काम करने को लेकर कही बड़ी बात

ऑस्कर विनर म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान ने हाल ही में मुस्लिम होने के बावजूद फिल्म निर्माता नितेश तिवारी की अपकमिंग महाकाव्य फिल्म रामायण में काम करने के अपने एक्सपीरियंस को शेयर किया।

एआर रहमान ने साफ किया कि कला और ज्ञान को धार्मिक सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता। इस प्रोजेक्ट में ऑस्कर विजेता संगीतकार हंस जिमर के साथ काम कर रहे संगीतकार ने बताया कि उनकी परवरिश ने उन्हें बचपन से ही भारतीय महाकाव्यों से परिचित कराया।

**8 साल से नहीं मिला काम?**

बीते दिनों हमने आपको बताया था कि एआर रहमान ने कहा था कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में उन्हें पिछले 8 सालों से काम नहीं मिला है और इसकी वजह उन्होंने इंडस्ट्री में होने वाली राजनीति को बताया था। सिंगर ने अपने करियर और धार्मिक विश्वास को लेकर कई सारी बातें कीं। हाल ही में हुई एक बातचीत में, रहमान ने रामायण में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए आस्था और पहचान से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने धार्मिक विभाजन और छोटी सोच से ऊपर उठने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**ब्राह्मण स्कूल में की पढ़ाई**

रहमान ने कहा, 'मैंने एक ब्राह्मण स्कूल में पढ़ाई की है, और हर साल हमारे यहां रामायण और महाभारत पढ़ाया जाता था, इसलिए मैं कहानी जानता हूं।' रहमान ने कहा कि समाज को छोटी सोच से ऊपर उठने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें संकीर्ण मानसिकता और स्वार्थ से ऊपर उठना होगा। जब हम ऊपर उठते हैं, तो हम तेजस्वी हो जाते हैं, और यह बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे कहा कि उन्हें रामाण जैसे प्रोजेक्ट का हिस्सा होने पर गर्व है जो वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करता है। रहमान ने कहा, 'हंस जिमर यहूदी हैं, मैं मुसलमान हूं, और रामायण हिंदू धर्म पर आधारित है। यह भारत से पूरी दुनिया के लिए प्रेम के साथ आ रहा है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि मद्रास में दिलीप कुमार राजगोपाला के रूप में जन्मे रहमान ने 1989 में इस्लाम धर्म अपना लिया था।

# करिश्मा कपूर को SC का नोटिस

## दिखाने होंगे तलाक के कागज, संजय कपूर की बहन ने प्रिया सचदेव को फटकारा

**संजय** कपूर की दोनों पत्नियों- एक्स वाइफ करिश्मा कपूर और तीसरी पत्नी प्रिया कपूर के बीच कानूनी विवाद चल रहा है। संजय की 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर विवाद है, जिसमें कोर्ट ने करिश्मा को तलाक के रिकॉर्ड दिखाने को कहा है। कोर्ट ने प्रिया कपूर की याचिका पर जवाब मांगा है।

**कोर्ट ने करिश्मा कपूर से मांगा जवाब**

सुप्रीम कोर्ट ने एक्ट्रेस करिश्मा कपूर को नोटिस जारी कर प्रिया कपूर की उस याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें उन्होंने संजय कपूर से 2016 में हुए करिश्मा के तलाक के रिकॉर्ड मांगे हैं। प्रिया कपूर दिवंगत संजय कपूर की तीसरी पत्नी हैं और फिलहाल करिश्मा कपूर के बच्चों के साथ अपने पति की 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। सुनवाई के दौरान करिश्मा कपूर के वकील ने याचिका का कड़ा विरोध करते हुए इसे बेबुनियाद और निजी कहा। न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई करते हुए करिश्मा को अपनी आपत्ति बताने के लिए



कहा और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया।

**प्रिया ने करिश्मा से की डिमांड**

प्रिया ने अपने आवेदन में करिश्मा और संजय के तलाक के कागज दिखाने को कहा है। ताकि उनके दिवंगत पूर्व पति द्वारा किए गए दावों और बच्चों पर खर्च की व्यवस्थाओं का पता लगाया जा सके। इस मामले में संजय कपूर की बहन मंधिरा कपूर स्मिथ ने कहा, 'यह सब मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश है। पहली बात तो यह है कि अगर मेरे भाई को यह बात उनसे शेयर करनी होती, तो वे शादी के दौरान ही कर देते। इसलिए, मुझे समझ नहीं आता कि वह यह सब क्यों कर रही हैं।'

**संजय कपूर की बहन भी बोलीं**

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि तलाक गोपनीय मामला होता है। करिश्मा और संजय के बच्चे हैं। ऐसा नहीं है कि बिना बच्चों के तलाक हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि यह किसी और का निजी मामला है, सिवाय उन दो लोगों के जो इसमें शामिल हैं।'



## Dhanush के साथ शादी की खबरों पर Mrunal Thakur का जवाब, कहा- 'लोग कुछ भी...'

सेलिब्रिटी की शादियों को लेकर अफवाहें अक्सर तथ्यों से ज्यादा तेजी से फैलती हैं। इस बार मृणाल ठाकुर और धनुष इसका केंद्र बने। सुबह ये खबर आई कि कपल वैलेंटाइन्स डे के मौके पर 14 फरवरी को सात फेरे लेने वाले हैं। हालांकि मृणाल ने फैंस के दिल में ये खुशी ज्यादा देर टिकने नहीं दी। फैंस को अभी थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। हिन्दुस्तान टाइम्स ने एक्ट्रेस के कीरीबी से संपर्क किया जहां उन्होंने शादी की अफवाह को पूरी तरह से नकार दिया है।

**क्या वाकई शादी कर रहे मृणाल और धनुष?**



अभिनेत्री के करीबी एक सूत्र ने स्पष्ट किया कि शादी की खबरों में बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा- 'मृणाल अगले महीने शादी नहीं कर रही हैं। यह एक अफवाह है जो बेवजह फैल रही है।' इस तरह कपल की शादी को लेकर उत्साहित फैंस की खुशी पल में छूमंतर हो गई। उन्होंने आगे बताया कि शादी की जो तारीख बताई जा रही है उस दौरान मृणाल की 'दो दीवाने शहर में'में रिलीज होने वाली है। इस मूवी में वो सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नजर आएंगी। इस वजह से इस बात की और भी पुष्टि नहीं होती। इसके बाद मार्च में उनकी एक तेलुगु फिल्म रिलीज होने वाली है।

# Don लौट आया!



## रणवीर के आउट होते ही Shah Rukh Khan ने 'डॉन 3' के लिए बोला हां, सिर्फ एक शर्त पर करेंगे फिल्म?

फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रेंचाइजी डॉन के तीसरे पार्ट को लेकर एक्साइटमेंट तो बहुत है, लेकिन यह फिल्म शुरू ही नहीं हो पा रही है। पहले रणवीर सिंह शाह रुख खान को रिप्लेस कर डॉन बनने वाले थे, लेकिन धुरंधर की रिलीज के बाद एक्टर के भी डॉन 3 छोड़ने की खबरें आने लगीं। फिर एक और एक्टर को फिल्म के लिए अप्रोच किया गया। मगर अब खबर है कि मेकर्स की आखिरी सुई अब असली डॉन यानी शाह रुख खान पर अटक गई है। इसका मतलब डॉन 3 में भी शाह रुख ही गैंगस्टर बनकर धमाल मचाने वाले हैं, लेकिन सिर्फ एक शर्त पर। ऐसी चर्चा है कि शाह रुख खान ने फरहान अख्तर के सामने एक शर्त रखी है और वह उसी शर्त पर डॉन 3 करेंगे।

**शाह रुख की डॉन 3 में वापसी?**

टेलीचक्कर की रिपोर्ट की मानें तो शाह रुख खान डॉन 3 करने के लिए मान गए हैं और अपने आइकॉनिक रोल में वापसी के लिए एक्साइटेड भी हैं। हालांकि, उन्होंने फरहान अख्तर के सामने एक शर्त रख दी है जो उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान के डायरेक्टर एटली से जुड़ी है।


**शाह रुख ने डॉन 3 के लिए क्या रखी शर्त?**

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि शाह रुख तभी डॉन 3 का हिस्सा बनेंगे, जब एटली को फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि एक्टर फिल्म का स्केल और दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ाने के लिए एटली को शामिल करने की बात कह रहे हैं। हालांकि, अभी तक कोई फाइनल फैसला नहीं लिया गया है। मेकर्स और स्टार्स की तरफ से भी इसको लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ऐसे में दैनिक जागरण इसका दावा नहीं करता है।

**डॉन-डॉन 2 से धमाल मचा चुके हैं शाह रुख**

बात करें डॉन 3 की तो यह फरहान अख्तर की हिट फ्रेंचाइजी का हिस्सा है। डॉन और डॉन 2 में शाह रुख खान ने अपने आइकॉनिक रोल्स से दर्शकों का दिल चुरा लिया था। हालांकि, तीसरे पार्ट में रणवीर सिंह उनकी जगह लेने वाले थे लेकिन अब उनका पत्ता भी कट गया है। यह भी कहा जा रहा था कि ऋतिक रोशन डॉन 3 में आ सकते हैं। अब देखते हैं कि शाह रुख की फिल्म में वापसी होती है या नहीं।

## TMKOC में पत्रकार पोपटलाल की होगी शादी!



**तारक** मेहता का उल्टा चश्मा ' पिंक सिटी जयपुर की में मजेदार एपिसोड के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल ही में, पूरी कास्ट ने पहली बार जयपुर में कुछ एपिसोड की शूटिंग की। शहर की संस्कृति और सेलिब्रेशन का माहौल हर किसी को पसंदआ रहा है। ये सब पोपटलाल से जुड़ा है। जयपुर के इस एपिसोड में, पोपटलाल, रूपा रतन का परिवार और टप्पू सेना शहर में पहुंचते नजर आएंगे। रूपा को एक रिश्तेदार का फोन आएगा। रिश्तेदार पोपटलाल के लिए एक रिश्ते का प्रस्ताव रखेगा, लेकिन एक शर्त के साथ। होने वाली दुल्हन एक अनोखी शर्त रखेगी। वह कहेगी कि मकर संक्रांति के दौरान जो भी उसकी पतंग काटेगा, वही उससे शादी करेगा। जैसे-जैसे मजा आगे बढ़ता है, पोपटलाल बढ़ती उम्मीदों और चुनौतियों के बीच फंसा हुआ नजर आएगा। हर पल एक नया सरप्राइज लेकर आता है, जिससे दर्शक यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि क्या पोपटलाल आखिरकार मंडप तक पहुंच पाएगा या किस्मत ने कुछ और ही तय कर रखा है। शूटिंग की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं, क्योंकि टीम ने असली लोकेशन पर शूटिंग की है। टप्पू सेना से लेकर पोपटलाल तक, जयपुर के लोग अपने पसंदीदा कलाकारों को अपने शहर में शूटिंग करते देखकर बेहद खुश थे।


## सलमान खान से लेकर कपिल शर्मा तक, बी प्राक से पहले बिश्नोई गैंग ने इन कलाकारों को दी धमकी



**लॉरेंस** बिश्नोई गैंग ने सिंगर बी प्राक को धमकी दी है। इससे पहले बिश्नोई गैंग ने कई कलाकारों को धमकी दी है। बिश्नोई गैंग ने ज्यादातर धमकी उन कलाकारों को दी है जो सलमान खान से जुड़े हैं।

सिंगर बी प्राक को लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने धमकी दी है। धमकी के साथ सिंगर से 10 करोड़ रुपये भी मांग गए हैं। धमकी में कहा गया है 'दस करोड़ दो वरना मिट्टी में मिला देंगे...।' सिंगर बी प्राक को मिली धमकी सिंगर दिलनूर को भेजे गए ऑडियो रिकॉर्डिंग के जरिए दी गई है। सिंगर बी प्राक बॉलीवुड के मशहूर सिंगर हैं। इससे पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने कई सेलेब्स को धमकी दी है। दिग्गज अभिनेता सलमान खान को बिश्नोई गैंग से लगातार धमकियां मिली हैं। उनके घर पर 14 अप्रैल 2024 को हमला भी हुआ था। इसकी वजह से उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई। बताया जाता है कि सलमान खान ने कथित तौर पर काले हिरण का शिकार किया था जिसकी वजह से उन्हें धमकियां मिल रही हैं। भोजपुरी स्टार पवन सिंह को सात दिसंबर 2025 को बिश्नोई गैंग से धमकी मिली थी। धमकी में कहा गया था 'सलमान खान के साथ काम न करें।' पवन सिंह 'बिग बॉस' के फाइनल में बतौर मेहमान शामिल होने वाले थे, इससे पहले उन्हें धमकी मिली। धमकी के बाद भी पवन सिंह शो में शामिल हुए थे।

कपिल शर्मा को अगस्त 2025 में बिश्नोई गैंग से धमकी मिली थी। पहले कनाडा में मौजूद उनके कैफे पर हमला हुआ। इसके बाद उनको गैंग से धमकी मिली है। बताया गया कि कॉमेडियन ने सलमान को 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 2 में बुलाया था। इसलिए उन्हें धमकी मिली थी। धमकी का ऑडियो सामने आया था, जिसमें कहा गया था 'जो सलमान के साथ काम करेगा वो मरेगा।' 14 दिसंबर 2024 को राजपाल यादव को एक ई-मेल मिला था जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी मिली थी। राजपाल यादव ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। अंबोली पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक सदाशिव निकम ने बताया 'मेल भेजने वाले ने बिश्नोई गिरोह का सदस्य होने का दावा किया है।



# अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने अलीबाग में खरीदी 5.1 एकड़ जमीन

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली बॉलीवुड और खेल जगत के चर्चित कपल्स में से एक हैं, जो अक्सर ही किसी न किसी वजह को लेकर सुर्खियों में रहते हैं।

अब हाल ही में इस कपल की ओर से खबर सामने आ रही है कि अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने मिलकर अलीबाग में एक प्रॉपर्टी खरीदी है, जिसके लिए उन्होंने मोटी रकम अदा की है। लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, विराट-अनुष्का पिछले महीने ट्रिप के दौरान अलीबाग गए थे और तभी इन्होंने एक और प्रॉपर्टी खरीदी थी, जिसका सौदा अब उन्होंने पक्का कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और उनके क्रिकेटर पति ने 5.1 एकड़ जमीन खरीदी है, जिसके लिए उन्होंने लगभग 37.86 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। प्रॉपर्टी के कागजों से यह जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि जीराद गांव में स्थित यह जमीन समीरा लैंड एसेट्स प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक सोनाली अमित राजपूत से खरीदी गई है।

डेटा एनालिटिक्स फर्म सीआरई मैट्रिक्स ने पुष्टि की है कि दो जमीनों के इस सौदे का रजिस्ट्रेशन 13 जनवरी को हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, विराट कोहली के भाई विकास कोहली ने उनकी ओर से सारे पेपर वर्क किए। स्टांप ड्यूटी के लिए लगभग 2.27 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। बता दें, अनुष्का-विराट का यह अलीबाग में दूसरा बड़ा निवेश है।

साल 2022 में कपल ने रियल एस्टेट डेवलपर समीरा हैबिटेट्स से दो अलग-अलग प्रॉपर्टी खरीदी थी, जिसमें 19.24 करोड़ रुपये में लगभग आठ एकड़ जमीन शामिल थी। उस जमीन पर विरुष्का ने एक आलीशान हॉलिडे होम बनाया है।

## अर्चना पूरन सिंह के पति ने शराब पीने को लेकर उड़ाया बीवी का मजाक, काला नमक चावल की रेसिपी पूछने लगे लोग



**अर्चना** पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम खराब किया है। फिर लोगोंने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं।

व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपये बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए।

अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही। मुझे ऐसे ब्रांड्स के साथ काम करना पसंद है जो मेरे वैल्यू से मेल खाते हों, जहां मुझे ऐसी कोई चीज न बेचनी पड़े जिस पर मुझे विश्वास न हो।' परमीत ने उनसे पूछा, 'तो, आप शराब नहीं बेचेंगी?' अर्चना ने जवाब दिया, 'आप शराब बेचेंगे। और आपके शरीर में जितनी शराब भरी है, आप उसे पूरे भारत में बेच सकते हैं। मेरे बारे में बात मत करो, मैं शराब नहीं पीती। मेरा नाम कपिल ने खराब किया है।'

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in